उत्तर। मनुष्य जब से इस पृथ्वी में जन्म लेता है, तभी से उस में सुख और दुःख का बोध प्रगट हो जाता है, और वह सुख के लिए आकर्षण और दुःख के लिए विकर्षण अनुभव करने लगता है। फिर उमर के बढ़ने के साथ २ उस के भीतर सुख विषयक आकर्षण और दुःख विषयक विकर्षण भाव गाढ़ होते जाते हैं। दृष्टान्त स्थल में —

वह बच्चा होता है ही मुख में दुःखी होने पर अथवा अपनी त्वचा पर सर्दी वा गर्मी वा शरीर के किसी अंग में किसी दर्द के अनुभव होने पर, उस दुःख के सम्बन्ध में अपने रोने चिल्लाने के द्वारा अपने विकर्षण का प्रकाश करता है। फिर किसी ऐसे दुःख के दूर होने पर शान्त हो जाता है। वह अपने मुँह के भीतर किसी वस्तु के जाने पर उस का स्वाद अनुभव करता है—इसलिए सुस्वादु दूध को पी जाता है सुस्वादु चीनी वा शहद खा जाता है, परन्तु विस्वादु वस्तु को मुँह से निकाल देने के लिए यत्न करता है। फिर ज्यों २ उस की उमर बढ़ती जाती है त्यों २ वह नए से नए सुखों का अनुभव करने के योग्य बनकर उन की प्राप्ति का आकांक्षी वा अनुरागी बनता जाता है—चाहे उन सुखों के द्वारा उस का अपनी वा किसी और की कैसी ही हानि क्यों न होती हो। मनुष्य के स्वाद, मैथुन धन सम्पत्ति सन्तान, प्रशंसा, मान, बड़ाई, आराम, आलस्य, नशा, हिंसा कौतुक और कौतूहल आदि विषयक नाना प्रकार के अनुराग नीच अनुराग कहलाते हैं। इस प्रकार के अपने नाना नीच अनुरागों से परिचालित होकर मनुष्य असत्य और अहित-मूलक नाना प्रकार की पतनकारी गतियां ग्रहण करता है, और अपने इन सुख विष

यह विविध नीच अनुरागो के वशीभूत होकर उन की तृप्ति के लिए क्या मनुष्य जगत, क्या पशु जगत् और क्या नेचर के और जगतो के सम्बन्ध मे नाना प्रकार के अन्याय वा अत्याचार वा पाप वा अपराध मूलक कर्म्म करने के लिए मजबूर होता है और विविध प्रकार से मिथ्याचारी बनता है।

प्रश्न। यदि कोई जन धन का अनुरागी होकर उसे निष्पाप रूप से उपार्जन करता रहे, तो उस मे उस की वा किसी और की क्या हानि होती है?

उत्तर। जो मनुष्य धन का अनुरागी बन जाता है, वह अपनी उस अनुरक्ति के कारण धीरे २ उस का ऐसा दास वा गुलाम बन जाता है कि वह फिर अपने उस प्रिय धन को अपने पास से निकाल कर किसी और को उस समय तक देना नही चाहता, जब तक उस को तुलना मे वह किसी और मनुष्य वा पशु वा किसी और वस्तु का अधिक अनुरागी न हो। ऐसा पुरुष २ मनुष्य केवल यही नही, कि अपने उस प्रिय धन को किसी परोपकार विषयक काम वा संस्था के लिए दान और उस मे अपना आत्मिक हित और औरो का कोई कल्याण करके नेचर के विकासकारी नियम को पूरा नही कर सकता, किन्तु अनेक अवसरो पर अपने पारिवारिक जनो के सम्बन्ध मे और इस से भी बढ़ कर अपने शरीर तक की सच्ची और उचित आवश्यकताओं के निवारण करने के लिए भी उसे पूर्ण वा आवश्यक रूप से खर्च करना नही चाहता। उस के लिए उस धन विषयक नीच अनुराग के कारण नेचर के विकासकारी शुभ नियम के विरुद्ध [illegible] अपने आत्मा के भिन्न २ दशाओं

मे अपने पारिवारिक नरा वा अपने हि शरीर की भी हानि करके पतित होना अनिवार्य है। इस के भिन्न ज्यो २ उस की को अन्य नीच अनुराग भी उस पर अधिकार लाभ करके उसे अपना दास बनाता जाता है, त्यो २ वह अपने आत्मिक बल को खोकर एक वा उन के दासत्व में मोक्ष चाहने वा मोक्ष पाने और लगा और अपने भीतर किसी जीवन दायक उच्च अनुराग वा भाव के विकसित करने के अयोग्य होता जाता है। इस नियम के अनुसार प्रत्येक मनुष्य के लिए अपने नीच अनुरागों के द्वारा नीच वा पतित बनना लाजमी है।

प्रश्न। क्या सुख अनुरागी प्रत्येक मनुष्य के लिए पतित होना आवश्यक है?

उत्तर। बेशक। यदि नेचर में कोई ऐसा नियम होता कि जिस किसी मनुष्य को जब और जो २ कुछ सुख अनुभव होता, उस के चाहने और प्राप्त करने से उस का और उस के द्वारा अन्य अस्तित्वों का सदा शुभ ही होता, और उसका वा औरों का कभी अशुभ न होता, तब तो किसी भी मनुष्य के सुखार्थी वा सुख अनुरागी बनने पर कोई आपत्ति नहीं हो सकती थी। परन्तु केवल यही नहीं कि नेचर में ऐसा कोई नियम नहीं है, किन्तु उस के विरुद्ध उस में यह अटल नियम वर्तमान है कि सुखार्थी वा सुख अनुरागी होकर प्रत्येक मनुष्य क्या अपने और क्या नेचर के अन्य जगतों के नाना अस्तित्वों के सम्बन्ध में अशुभ वा हानि की अवश्य उत्पत्ति करता है, और सुख अनुरागी होने पर मनुष्य के लिए क्या अपनी और क्या अन्य अस्तित्वों की विविध प्रकार से हानि करना अनिवार्य है अनिवार्य है इसीलिए सुखार्थी लोगों और

करोड़ों मनुष्य क्या अपने और क्या अन्य जनों और क्या अन्य जीवित और अजीवित अस्तित्वों के सम्बन्ध में विविध प्रकार से हानिकारक बने हुए हैं और अपनी हानिकारक क्रियाओं के द्वारा क्या अपने और क्या अन्य मनुष्यों और क्या पशु जगत् के लाखों जीवों के सुख और आराम और इस से भी बढ़कर उन के प्राणों तक का अपहरण करते रहते हैं।

प्रश्न। अच्छा, यदि कोई मनुष्य अपने सब पारिवारिक सम्बन्धियों और अपनी सब प्रकार की सम्पत्ति का त्याग कर अकेला किसी रमणीय स्थान में जा बैठे और भिक्षा करके अपने शरीर का पालन कर लिया करे और संसार के प्रत्येक काम काज से विरत होकर ध्यान योग या किसी पुस्तक के पाठ या विचार या किसी जप या एक या दूसरे प्रकार के भजन या स्तोत्र आदि के गान के द्वारा सुख शान्ति के साथ अपना समय बिताने की चेष्टा करे, तो क्या ऐसा करने से उस के आत्मा को कोई हानि पहुँच सकती है ?

उत्तर। बहुत बड़ी हानि। वह ऐसी दशा में चाहे मनुष्य जगत् के सम्बन्ध में चोरी, ठगी, धोखेबाज़ी, व्यभिचार, अप्राकृतिक कर्म्म आदि आठ २ पापों से बचे रहने की योग्यता भी रखता हो, और किसी नशेदार चीज के सेवन का अभ्यासी भी न हो तो भी वह अपने सुख का मुख्य अनुरागी और इसीलिए स्वार्थ परायण बनकर नेचर के विकासकारी नियम के अवश्य विरुद्ध चलता है, और ऐसा करके वह अपनी जीवनी शक्ति के बल को (जो औरों के सम्बन्ध में हितार्थी बनने और नीच अनुराग मूलक सुखों और उन के भिन्न तन, मन और धन आदि को अर्पण करके उन का सच्चा हित साधन करने से ही उन्नत हो सकती

) अवश्य क्षय करता है। इस के भिन्न शिक्षा के द्वारा किसी के
को अपने शरीर के पालन और पोषण करने का उस समय तक
का अधिकार रहा है, जब तक वह अपने शरीर के द्वारा उचित
ना काज वा परिश्रम करके आवश्यक रूप मे अपने आप धन
कमा सकता हो, और न किसी को यही अधिकार है कि वह अपने
सुख के लिए अपनी पत्नी या अपने जिन अन्य आश्रित जनों की
रक्षा और पालना के लिए जाम्य हो, ऐसे साध्यता-मूलक अपने
नाना कर्तव्य कर्मों को त्याग दे। ऐसा करना बहुत बड़ा पाप
है, कि जिस के पतनकारी फलो से वह बच नहीं सकता।
इस के भिन्न परिवार आदि के छोड़ने से पहले उन से जितने अन्य
प्रकार के पाप कर्म किए हो, उन का जब तक उस में बोध
उत्पन्न न हो, और उन के सम्बन्ध में समुचित परिशोध करके
जहां तक उन से उस के आत्मा की शुद्धि सम्भव है, उन से उस
की शुद्धि न हो, तब तक उन के पतनकारी प्रभावों से भी
उस का उद्धार नहीं हो सकता। वस्तुतः सुख अनुरागी वा सुख
परायण होकर कोई मनुष्य भी उन के विविध प्रकार के पतन-
कारी फलो से बच नहीं सकता।

प्रश्न। मनुष्यात्मा के दूसरे पतनकारी कारण अर्थात् नीच
घृणाओं से क्या तात्पर्य है?

उत्तर। जब कोई मनुष्य किसी मनुष्य या अन्य जीवित
और अजीवित अस्तित्व के प्रति अपने भीतर कोई ऐसा घृणा भाव
अनुभव करता है, कि जिस से परिचालित होकर वह उस के वा
उस के किसी सम्बन्धी के प्रति किसी अन्याय-मूलक वा मिथ्या
विश्वास वा चिन्ता के पोषण वा किसी मिथ्या वा अन्याय मूलक
कर्म के करने का इच्छुक बन जाता है, और इस प्रकार की बुरा

चिन्ता वा ऐसे बुरे कर्म्म के करने, अथवा कराने में तृप्ति ढूढता और पाता है, तब उसके ऐसे सब प्रकार के घृणा भाव नीच घृणाएं कहलाते हैं।

प्रश्न। मनुष्य के आत्मा में इन नीच घृणा भावों की उत्पत्ति किस तरह होती है?

उत्तर। चार प्रकार से। यथा —

(१) किसी से अपनी कामना की तृप्ति न पाने पर—जब कोई मनुष्य अपनी किसी सुख दायक कामना में (चाहे वह उस के वा किसी और के लिए कैसी ही अनुचित और हानिकारक क्यों न हो) किसी और को साथी बनाना चाहता है, और वह उस का साथी नहीं बनना चाहता, और उस में उस का साथ नहीं देता, वा उस की किसी उचित कामना को भी किसी कारण से पूरा नहीं कर सकता वा नहीं करता, तब वह अपने इस सुख विषयक नीच अनुराग के नशे में पागल और अपने हित से अबोधी होने के कारण उस के ऐसा करने से अपने हृदय में जो आघात् पाता और दुखी होता है उस से अपने किसी ऐसे दुःख दाता के प्रति अपने भीतर नीच घृणा अनुभव करता है।

(२) अपने प्रति वा किसी अन्य जन वा जन समूह के साथ नीच अनुराग रखने पर—जब कोई मनुष्य अपने अस्तित्व वा अपने किसी पारिवारिक सम्बन्धी वा अपने सम्प्रदाय वा अपनी जाति वा अपने देश वासियों के साथ नीच अनुराग से बंध जाता है, तब वह स्वभावतः अपना और उन का पक्षपाती बन जाता है, और इसीलिए क्या उस के और क्या उन में से किसी के सम्बन्ध में यदि कोई जन किसी सत्य

दाव या अपराध या पाप या किसी ताकत या हीनता को प्रगट कर या वह उस अपने पर अनुराग और भय उन के नीच अनुराग के वश होने के कारण उस की उसी क्रिया से अपने हृदय में आघात और कष्ट पाता है, और स्वाभाविक किसी उस जन के प्रति अपने भीतर नीच घृणा अनुभव करता है।

(३) अहं अनुराग के बहुत बढ़ जाने पर—जब कोई मनुष्य उस दशा में पहुंच जाता है, कि वह अपनी बड़ाई की तुलना में किसी विषय में भी किसी और जन की बड़ाई को (चाहे वह पूरगत सच्ची भी हो) सुनना या देखना या मानना पसंद नहीं करता और उस से दुखी होता है तब वह उस के प्रति स्वभावतः नीच घृणा अनुभव करता है।

(४) अपने एक या दूसरे प्रकार के मिथ्या संस्कारों या मिथ्या विश्वासों का अनुरक्त बन जाने पर—जब कोई मनुष्य अपने मिथ्या संस्कारों या मिथ्या विश्वासों का अनुरागी होकर उन का पक्षपाती बन जाता है, तब वह (१) किसी और मनुष्य वा मनुष्य समूह को अपने किसी धर्म मत या विश्वास के अनुसार न पाकर उस से घृणा करता है। (२) किसी जन की किसी पोशाक या चाल ढाल या रहन सहन या बोली आदि को अपनी जैसी न देखकर उस से घृणा करता है। (३) किसी जन को अपनी अपेक्षा किसी विषय में हीन देख कर घृणा करता है। (४) किसी जन को उस के किसी व्यवसाय वा रंग वा सम्प्रदाय वा जाति भेद आदि के कारण घृणा करता है।

इस प्रकार की सब घृणाएं नीच घृणाएं कहलाती हैं, और वह मनुष्यात्मा के लिए उस के नीच अनुरागों की तरह अत्यन्त

पतनकारी प्रमाणित होती हैं ।

प्रश्न । किसी मनुष्य में नीच घृणा भावों की वर्तमानता किन बातों वा लक्षणों से पहचानी जा सकती है ?

उत्तर । जब कोई मनुष्य यह चाहता है कि

(१) मैं किसी हीनता वा नीचता वा त्रुटि के लिये किसी और के द्वारा हीन वा नीच वा घटिया न समझा जाऊं और न कहलाऊं और न माना जाऊं और न विश्वास किया जाऊं ।

(२) मुझ से कोई जन श्रेष्ठ वा बढ़िया न समझा न माना, और न प्रगट किया जाय, और मुझ से बढ़ कर किसी का मान प्रतिष्ठा न हो वा उसे कोई सन्मान आदि न मिले ।

(३) मेरी हर एक कामना वा रुचि को, चाहे वह किसी और के निकट कैसी ही बुरा वा अनुचित भी हो प्रत्येक जन अवश्य पूरी करे ।

(४) मेरे किसी धर्म्म विषयक विश्वास के विरुद्ध, चाहे वह किसी और के विचार में मिथ्या भी हो, और मेरे किसी मत के विरुद्ध चाहे वह किसी और के विचार में ठीक न भी हो कोई जन कोई मत न रक्खे, और मेरी रुचि के विरुद्ध कोई जन अपनी किसी राय वा अपने किसी मत का प्रचार न करे,

तब उसके यह सब लक्षण उस के आत्मा में नीच घृणा भावों की वर्तमानता का प्रमाण देते हैं ।

यही उपरोक्त नाना प्रकार के नीच अनुराग और नाना प्रकार की नीच घृणाएं यह पतनकारी कारण हैं कि जो मनुष्य आत्माओं को असत्य और अहित की ओर ले जाकर उन्हें पतित और तबाह करते हैं । यही वह पतनकारी कारण है कि जिन्हों ने मनुष्य जगत् में बहुत कुछ अनुचित रोगों और कष्टों और दुखों और शोकों की उत्पत्ति कर रक्खी है । इन्हीं पतनकारी कारणों से पशु

दूसरा परिच्छेद ।

मिथ्या और मिथ्याचार ।

प्रश्न । आप ने यह सत्य प्रगट किया है कि मनुष्य जगत् की सब श्रेणियों में जितने प्रकार के मिथ्या विश्वास और जितने प्रकार के मिथ्याचार और जितने प्रकार के अग्नि वा अपहरण मूलक अन्य कर्म पाए जाते हैं उन सब की उत्पत्ति के कारण उस के नाना प्रकार के नीच अनुराग और उस की नाना प्रकार की नीच घृणाएं हैं। इन में से पिछली बात तो बहुत कुछ समझ में आ गई है परन्तु पहली बात अर्थात् मिथ्या और मिथ्याचार के विषय में यदि आप कुछ और अधिक खोल कर शिक्षा दें तो बड़ी कृपा हो।

उत्तर । अच्छी बात सुनो। जब कोई मनुष्य अपने किसी नीच अनुराग अथवा अपने किसी नीच घृणा विषयक भाव की तृप्ति में किसी प्रकार की मिथ्या को एक ओर अपना सहायक रखना वा अनुभव करता है, और दूसरी ओर उस मिथ्या से उस के आत्मा को जो हानि होती है उस के विषय में अपने हृदय में कोई घृणा वा दुख उत्पादक किसी प्रकार का कोई सच्चा और प्रबल क्रोध नहीं रखता, तब वह स्वभावतः एक वा दूसरे प्रकार की मिथ्या का साथी बनने और उस का व्यवहार करने के लिए तय्यार हो जाता है, और इस प्रकार जान बूझ कर भी सत्य को छोड़ कर मिथ्या का पथ ग्रहण करता है। फिर वह मिथ्या का अपनी विविध

अभिप्रायों में सहायक पाने पर [illegible] प्रेमक भी बन जाता है। इस के सिवा [illegible] कहलाने वाले धर्म वा [illegible] की शिक्षा के नाम से भी बाल्यकाल से ही नाना प्रकार के मिथ्या विश्वासों और मिथ्या धर्म साधनों का अभ्यासी हो जाता है [illegible] यह इस अभ्यास के कारण भी मिथ्या प्रिय बन जाता है। इस के सिवाय अपनी नीच प्रकृति के कारण वह इस [illegible] समाज में अपने बाप की ओर [illegible] और [illegible] भी [illegible] विविध प्रकार के मिथ्या विश्वास ग्रहण और धारण करने के लिए तय्यार करता है, और उन के अतिरिक्त [illegible] कई प्रकार का मिथ्या का व्यवहार [illegible] करता है। फिर जब वह मिथ्या के द्वारा अपने किसी अभिप्राय में सफलता लाभ करने पर तुष्टि वा तृप्ति वा खुशी पाता है तब वह कितनी ही अवस्थाओं में मिथ्या की आवश्यकता और उस के व्यवहार की विधि का अपने पारिवारिक और अन्य जनों को भी उपदेश देता है और मिथ्या की महिमा का अपने प्रेम के अनुसार बहुत उत्साह और अभिमान के साथ वर्णन करता है। वस्तुतः प्रकृति के नियमानुसार प्रत्येक नीच अनुरागी और नीच घृणाकारी मनुष्यात्मा के लिए मिथ्याचारी होना आवश्यक है। इसलिए औरों के भिन्न कहलाने वाले नाना धर्म सम्प्रदायों के संस्थापकों और उन के कहलाने वाले नाना उपास्य देवताओं ने भी जैसे अपने एक वा दूसरे अभिप्राय के लिए मिथ्या को पहले काल में अपना सहायक बनाया था, वैसे ही मनुष्य समाज में कितने ही नेता जन अब भी एक वा दूसरे अभिप्राय के लिए यथावश्यक मिथ्या का आश्रय लेते

ग्रौर उस का प्रचार करते हैं ।

प्रश्न । यह तो बड़ी भयानक दशा है ।

उत्तर । बेशक । परन्तु मिथ्या के द्वारा मनुष्य की जो आत्मिक हानि होती है उस के विषय में यदि उस में कोई सच्चा ग्रौर यथेष्ट बोध वर्तमान न हो तब वह ऐसी दशा में चाहे महात्मा, मुनि, ऋषि वा महर्षि, गुरु पैगम्बर, नबी, नेता वा इस से भी बढ़ कर कोई देवी वा देवता वा अवतार आदि भी कहलाता हो तो भी वह किसी ऐसे मिथ्याचार से विरत नहीं रह सकता, ग्रौर अपने आत्मा को उस के महा हानिकारक फलों से नहीं बचा सकता ।

प्रश्न । भला मनुष्य जगत् में उस के नीच अनुरागों ग्रौर उस की नीच घृणाग्रों के कारण कितने प्रकार की मिथ्या प्रचलित है ?

उत्तर । कम से कम बीस प्रकार की ।

प्रश्न । कौन २ सी ?

उत्तर । वह यह हैं —

(१) जब कोई मनुष्य धन विषयक अनुराग वा लालच के वशीभूत होकर किसी की कोई वस्तु वा सम्पत्ति के दबा लेने वा अपने किसी व्यवसाय में ठगी के द्वारा धन वा सम्पत्ति लाभ करने, वा किसी प्रकार की प्रवञ्चना के द्वारा अपने किसी पारिवारिक वा किसी ग्रौर सम्बन्धी वा अन्य जन से धन वा कोई वस्तु ले लेने, वा किसी को प्रवञ्चित करके कोई राज्य वा पद वा प्रभुत्व वा अधिकार लाभ करने, वा किसी भले काम के लिए सामर्थ्य रखने पर अपनी ओर से धन

विषयक सहाय की कोई उचित प्रतिज्ञा करके उस पूरण न करने, वा जहां तक सम्भव हो कम से कम करने के निमित्त सत्य के विरुद्ध कोई बात कहता वा बहाना बनाता वा कोई लेख लिखता वा कोई आपत्ति खड़ी करता है।

(२) जब कोई मनुष्य जान बूझ कर अपने वा किसी और के किसी दोष वा अपराध वा पाप वा अपना वा किसी और की किसी नीचता वा हीनता के छिपाने के लिए सत्य के विरुद्ध कोई बात कहता वा बताता वा लिखता वा किसी और विधि से उस का व्यवहार करता है।

(३) जब कोई मनुष्य अपने द्वेष वा ईर्षा भाव की तृप्ति के लिए जान बूझ कर किसी जन पर सत्य के विरुद्ध कोई कलङ्क वा अपवाद आरोपण करके वा कराके उसे किसी से कोई दण्ड वा कष्ट दिलवाने की चेष्टा करता है।

(४) जब कोई मनुष्य जान बूझ कर किसी से कोई ऐसा प्रतिज्ञा वा कोई ऐसा अगीकार करता है, कि जिसे वह पूरा करने की पहले से ही अपने भीतर कोई इच्छा नहीं रखता, अथवा किसी विषय में कोई उचित प्रतिज्ञा वा अगीकार करके और उसे पूरण करने की सामर्थ्य रखकर भी उस के सम्बन्ध में कोई अनुचित कारण बता कर उसे भग करता है।

(५) जब कोई मनुष्य जान बूझ कर सत्य के विरुद्ध किसी प्रकार का कोई डरावा वा कोई लालच देकर किसी को उस की किसी उचित वा अनुचित क्रिया से रोकने वा कोई काम्य कराने की चेष्टा करता है।

(६) जब कोई मनुष्य किसी कुसंस्कार के वशीभूत होकर किसी मनुष्य वा समाज वा सम्प्रदाय वा जाति के सम्बन्ध में जान बूझ कर सत्य के विरुद्ध किसी बात का प्रचार करता है।

(७) जब कोई मनुष्य किसी घटना के सम्बन्ध में उचित राज विधि वा सुनीति के द्वारा बाध्य होने पर भी किसी बात के बताने वा प्रचार करने में सत्य के विरुद्ध कोई बात कहता वा प्रगट करता है।

(८) जब कोई मनुष्य किसी मनुष्य वा पशु को डराकर कुछ लाभ करने के लिए सत्य के विरुद्ध कोई बात कहता वा कोई वेश धारण करता है।

(९) जब कोई मनुष्य अपने वा किसी और के शरीर अथवा अपनी वा किसी और की किसी सम्पत्ति पर किसी की ओर से अनुचित आक्रमण के होने पर किसी उचित विधि के ग्रहण करने के स्थान में जान बूझ कर सत्य के विरुद्ध कोई बात बनाकर और कहकर अपना वा उस की रक्षा करने के लिए कोई यत्न करता है।

(१०) जब कोई मनुष्य अपने शारीरिक आराम वा आलस्य वा अपनी काम प्रवृत्ति वा अपने जिह्वा विषयक

स्वाद वा किसी अन्य सुख दायक अनुराग के वशीभूत होकर अपने किसी कर्त्तव्य कर्म्म को पूरा करना वा अपनी किसी ऐसी शुभ प्रतिज्ञा पर आरूढ़ रहना नहीं चाहता, कि जिस के पूरा करने वा उस पर आरूढ़ रहने के लिए वह बाध्य हो, और उस में अपने बचाव के निमित्त सत्य के विरुद्ध जान बूझ कर कोई बात कहता वा लिखता वा किसी और विधि से उस का व्यवहार करता है।

(११) जब कोई मनुष्य किसी जन के साथ अपने किसी सम्बन्ध वा उस के किसी पद वा उस की किसी सेवा वा उस के विषय में किसी की सिफारिश वा किसी और बात का लिहाज़ करके उसके विषय में जान बूझ कर सत्य के विरुद्ध कोई बात कहता, लिखता वा प्रगट करता है।

(१२) जब कोई मनुष्य अपनी वा किसी और की किसी प्रकार की प्रशंसा वा बड़ाई वा महिमा के प्रचार के लिए सत्य के विरुद्ध जान बूझ कर कोई बात कहता वा लिखता वा किसी और विधि से उस का व्यवहार करता है।

(१३) जब कोई मनुष्य अपने हृदय में दीन भाव (इनकसारी) की वर्तमानता को दिखाने और ऐसा करके किसी से बड़ाई पाने के लिए अपने भीतर किसी सद्गुण के वर्तमान होने पर भी जान बूझ कर उन की वर्तमानता को नहीं मानता वा उस से

भी बढ़कर जान बूझ कर सत्य के विरुद्ध अपने में किसी दोष या हीनता का होना बताना या प्रगट करता है।

(१४) जब कोई मनुष्य किसी को कोई कष्ट पहुंचा कर आप हुए लाभ करने वा किसी और को हर्षित करने के लिए जान बूझ कर सत्य के विरुद्ध उसे कोई दुख-उत्पादक बात कहता वा उस तक कोई ऐसी खबर पहुंचाता है।

(१५) जब कोई मनुष्य किसी दल वा जत्थे के बनाने वा किसी सम्प्रदाय वा समाज वा सोसायटी के स्थापन वा संगठन वा उस की वृद्धि करने वा लोगों को अपना वा किसी और का अनुगत बना कर अपनी किसी कामना के पूरा करने के लिए जान बूझ कर सत्य के विरुद्ध किसी बात का प्रचार करता वा करवाता है।

(१६) जब कोई मनुष्य अपने वा किसी और के सम्बन्ध में लोगों के हृदयों में श्रद्धा वा सन्मान वा विश्वास भाव की उत्पत्ति करने के लिए जान बूझ कर सत्य के विरुद्ध एक वा दूसरे प्रकार की "करामातों" का प्रचार करता है।

(१७) जब कोई मनुष्य अपनी वा किसी और की किसी पुस्तक के किसी वचन वा वर्णन वा अपने वा किसी और के किसी वचन वा लेख वा राज विधि वा राज आज्ञा वा नगर के किसी नियम आदि का अपनी

किसी व्याख्या या अपने किसी भाष्य या किसी और प्रकार से जान बूझ कर सत्य के विरुद्ध बनाता या प्रगट करता है।

(१८) जब कोई मनुष्य आप घड़ कर या किसी और से घड़वा कर वा किसी और के द्वारा रचित जान कर एक किसी वचन या वाक्य या किसी ऐसी लिखा या पुस्तक को सत्य के विरुद्ध उसी किसी देवता या देवी या ईश्वर या गाड या अल्ला या मूसा आदि के नाम से या इन में से किसी की ओर से बनाया या दिया हुआ कह कर उनका प्रचार करता है।

(१९) जब कोई मनुष्य अपने किसी धर्म मत या सम्प्रदाय या पथ या अपनी किसी सभा या समाज या बिरादरी या अपनी जाति या अपने देश का नीच अनुरागी होकर और इस नीच अनुराग के कारण उस का पक्षपाती बन कर अपने धर्म मत या अपने सम्प्रदाय या पथ या दल या अपनी किसी सभा या समाज या जाति से बाहर के लोगों को हीन या बुरा प्रगट करने के लिए जान बूझ कर सत्य के विरुद्ध कोई बात कहता या लिखता या उस का प्रचार करता है।

(२०) जब कोई मनुष्य नेचर की किसी वस्तु को (जिस में उसका अस्तित्व भी शामिल है) जान बूझ कर कर सत्य के विरुद्ध अपनी वस्तु समझता है, और ऐसी प्रत्येक वस्तु को जिस पर उसे उचित अधिकार प्राप्त हो, नेचर के निर्माण या विकास विषयक

कार्य के लिए पूर्ण रूप से अर्पण वा प्रयोग करने के स्थान में उस के विरुद्ध किसी और अभिप्राय के लिए काम में लाना वा लाना चाहना है

तब यह अपना ऐसा प्रत्येक क्रिया के द्वारा मिथ्याचारी बनता है।

इस प्रकार का मिथ्याचार प्रत्येक जाति वा देश के मनुष्यों में बहुत प्रबल रूप से फैला हुआ है और प्रत्येक देश वा जाति के लाखों वा करोड़ों लोग केवल यही नहीं, कि अपने आप में कि अपने हृदय के विविध नीच भावों में परिचालित होकर नाना प्रकार से मिथ्याचारी बनते हैं किन्तु उन्हें धर्म के नाम से भी विविध प्रकार के मिथ्या विश्वासों, और समाज और सम्प्रदाय और जाति और देश की उन्नति के नाम से भी कई प्रकार के मिथ्याचारों की शिक्षा दी जाती है, और इन मिथ्याचारों से उनके अपने वा किसी और के आत्मा का जिस २ प्रकार का भयानक पतन होता है इसका उन में कोई बोध पाया नहीं जाता।

प्रश्न। करोड़ों मनुष्यों को आत्म बोध से हीन नाना प्रकार के मिथ्या विश्वासों की शिक्षा किस प्रकार से मिलती है?

उत्तर। जब कोई मनुष्य इस पृथ्वी में पहले पहल जन्म लेता है, तब उस में जहां एक ओर उस की विवेचना वा विचार शक्ति पूर्णतः अविकास की दशा में होती है, वहां दूसरी ओर इस की धारणा—शक्ति जन्म काल से ही ऐसी दशा में होती है कि उस पर उस की माता और उस के बाप आदि विविध ज्ञानेन्द्रियों के द्वारा उस के चौतरफा सामानों के जो २ सत्य वा मिथ्या ज्ञान–उत्पादक प्रभाव उस तक पहुंचते हैं, उन्हें वह विवश ग्रहण करता रहता है। फिर जब वह कोई

अपना ज्ञान ज्यों ज्यों अपने पास वाले जनों की बुद्धि और बोल समझने लगता है तब वह उन की शिक्षा में कई प्रकार की बातों पर (चाहे वह सत्य हो और चाहे मिथ्या) विश्वास करना आरम्भ करता है। फिर उस में ज्यों २ कल्पना शक्ति बढ़ती जाती है और आश्चर्य और कौतूहल प्रियता का भाव उत्पन्न और प्रबल होता है त्यों त्यों जिन २ के प्रति विश्वास स्थापित होता जाता है उन २ की नाना प्रकार की आश्चर्य और कौतूहल उत्पादक बातों पर चाहे वह कैसी ही मिथ्या भी हों, एक ओर उन के मिथ्यापन के जानने के लिए जितने ज्ञान बुद्धि और तर्क की शक्ति और सत्य असत्य के विषय में सत्य अवगति का ज्ञान को आवश्यकता है उस की कमी में, और दूसरी ओर कल्पना शक्ति के अधिकार और उन बातों के द्वारा अपने उन भावों की तृप्ति में रूप वा सुख वा तृप्ति के मिलने से उन पर स्वभावतः विश्वास करता जाता है। इस प्रकार का युक्त विश्वास संस्कार प्राप्त को अन्ध विश्वास कहलाता है।

ऐसी दशा में आत्मा तो कहीं रहा, जिस के सम्बन्ध में वह पूर्णतः अन्धकार की अवस्था में होता है यदि उस के स्थूल शरीर वा जगत की किसी साधारण घटना के सम्बन्ध में भी उस केवल मिथ्या बातें बताई जावें तो भी वह उन्हें बिना सत्य समझे कर विश्वास कर लेता है। यथा —

यदि किसी जन को बाल्य काल से यह शिक्षा दी जाए, कि जिन बच्चों को चेचक की बीमारी होती है, वह सीतला नामक एक देवी के कोप से होती है, तो वह इस बात को सत्य मान कर उस पर विश्वास कर लेगा। यदि उसे कहा जाय, कि मनुष्यों के शरीर में और जिस २ प्रकार की बीमारियां होती हैं,

वह उस के मरे हुए पूर्वजों में से एक वा दूसरा पूर्वज उत्पन्न करता है, तो वह उस पर भी विश्वास कर लेगा। यदि उसे बताया जाय, कि उस के अपने मरे हुए पूर्वजों के भिन्न और मरे हुए स्त्री पुरुष भी इन बीमारियों का उत्पन्न करने हैं तो वह इस बात को भी सच मान कर विश्वास कर लेगा। यदि उसे यह शिक्षा दी जाय, कि अमुक नाम की जिस स्त्री की मूर्ति अमुक मठ वा अमुक मन्दिर में है, उस के खाने के लिए यदि उसे कोई अमुक किसी सुवर वा मुर्गी के बच्चे की बलि वा उसे अमुक अमुक मीठी चीज़ दी जाय और उसके सूंघने के लिए कुछ सुगन्ध दायक फूल अर्पण किए जाएं, वा सुगन्ध-उत्पादक धूप वा कोई और वस्तु आग में जलाई जाय, तो वह खुश होकर किसी बीमार की बीमारी को दूर कर देती है वा जिस स्त्री के कोई पुत्र न होता हो, उसे पुत्र दे देती है तो वह इस बात को भी ठीक मानकर उस पर विश्वास कर लेगा। यदि उसे सिखाया जाय कि अमुक देवी वा देवता की जो मूर्ति अमुक स्थान में है उसे स्नान कराने उस पर फूल चढ़ाने और उसे धूप आदि की सुगन्ध देने और अमुक २ वस्तु आहार के लिए आगे धरने से मनुष्य की अमुक २ कामना पूरी हो जाती है, तो वह उसे सत्य मान कर उस पर भी विश्वास कर लेगा। यदि उसे बताया जाय, कि जिस जन को बुखार होता हो, उस के गले वा दाहने बाज़ू पर यदि अमुक जन से एक मंत्र वा नक्श लिखवा कर बांधा जाय तो उसका बुखार दूर हो जाता है, तो वह इस बात पर भी विश्वास कर लेगा। यदि उसे बताया जाय, कि किसी बीमार पर अमुक जन यदि कोई "मंत्र" पढ़कर फूंक मार दे तो उस की बीमारी चली जाती है, तो वह इस बात पर भी विश्वास कर लेगा। यदि उसे बताया जाय

ग्रामीण को कोई गौ या भैंस दूध नहीं देती, तब उसका कारण किसी मरे हुए पूर्वज का कोप होना है, और यदि ... को अमुक २ वस्तु दी जाय, तो वह खुश होकर उस गौ ... अपना कोप हटा लेता है, और वह गौ या भैंस फिर दूध ... लगती है, तो वह इस बात पर भी विश्वास कर लेगा। यदि ... यह बताया जाय, कि ईश्वर नामक एक देवता है कि जो सब मनुष्यों और पशुओं और वृक्षों के आकारों को बनाता है और उसी ने सूर्य चन्द्र और पृथ्वी को बनाया है, और वही उन्हें चला रहा है तो वह इन बातों को ठीक मान कर उन पर भी विश्वास कर लेगा। यदि उसे यह बताया जाय, कि यह ईश्वर नामक देवता जब मनुष्यों से नाराज हो जाता है, तब उन से अपना बदला लेने और उन्हें डराने के लिए प्लेग आदि की बीमारियां और दुर्भिक्ष आदि की विपत्तियां भेज कर उन्हें विविध प्रकार से दुख और कष्ट पहुंचाता है तो वह इस बात पर भी विश्वास कर लेगा। यदि उसे बताया जाय, कि ईश्वर नामक देवता अमुक २ समय में पृथ्वी में अमुक २ मनुष्य या कछुवे या सुवर आदि का रूप धारण कर आया था, तो वह इस बात को भी मान लेगा। यदि उसे यह सिखाया जाय, कि ईश्वर नामक देवता कभी भी मनुष्य या सुवर आदि नहीं बना और नहीं बन सकता, तो इस बात पर भी विश्वास कर लेगा। यदि उसे यह सिखाया जाय, कि ईश्वर नामक देवता ने अपने अमुक पैगम्बर के द्वारा जो २ शिक्षा दी है, उस में उस ने मनुष्य के लिए पशुओं को वध करके उन का मांस खाना आवश्यक और उचित बताया है, तो वह इस बात पर भी विश्वास कर लेगा। यदि उसे यह बताया जाय, कि ईश्वर नामक देवता ने मनुष्य को मांस खाने को कभी

गाज्ञा नहीं दी, और उस ने इस कर्म को बुरा बताया है और वह किसी जन की ऐसी क्रिया से खुश नहीं किन्तु नाराज़ होता है, तो वह इस बात पर भी विश्वास कर लेगा। यदि उस यह बताया जाय कि ईश्वर नामक देवता ने पुरुष को अपनी एक पत्नी के जीते जी दूसरी और दो के जीते जी तीसरी और तीसरी के वर्तमान होने पर चौथी स्त्री के साथ विवाह करने की आज्ञा दी है परन्तु किसी एक पति के जीते जी उस ने किसी स्त्री को दूसरे पुरुष से विवाह करने की अनुमति नहीं दी तो वह इन बातों को सत्य मान कर उन पर भी विश्वास कर लेगा। यदि उसे यह बताया जाय कि ईश्वर नामक देवता ने किसी पुरुष को अपनी एक पत्नी के जीते जी दूसरा विवाह करने की आज्ञा नहीं दी और वह पुनर्विवाह करने वालों को बुरा और पापी समझता है तो वह इन बातों को भी सत्य मान कर उन पर विश्वास कर लेगा। यदि उसे बताया जाय, कि अमुक नाम के मन्त्र का जप या अमुक विधि से दिन में इतने बार ईश्वर नामक देवता की स्तुति करने से वह बहुत प्रसन्न होता है, और उस पर इस पृथ्वी में कई प्रकार की मेहरबानियां करने के सिवा उस के मरने पर उस किसी विशेष स्थान के अनन्तर एक खास जगह में जिसे 'बहिश्त' या स्वर्ग कहते हैं प्रवेश करने या रहने की आज्ञा देता है, जहां पर उसे कई प्रकार की स्वादुदार वस्तुएं खाने के लिए और मज़ेदार चीज़ें सूंघने के लिए और बहुत सी सुन्दर २ स्त्रियां भोगने के लिए और पहनने के चमकते हुए वस्त्र पहनने के लिए मिलते हैं तो वह इन बातों पर भी निश्चय कर लेगा। यदि उसे यह बताया जाय कि वह ईश्वर नामक देवता किसी को 'बहिश्त' या 'स्वर्ग' में रख कर वहां उसे मज़ेदार चीज़ें और अन्य वस्तुएं और स्त्रियां आदि का

वस्तु नहीं देता, और केवल अपना दर्शन देकर उसे सुखी करता है, तो वह इस बात पर भी विश्वास कर लेगा। यदि उसे बताया जाय, कि जो जन ईश्वर नामक देवता वा उस की अमुक किताब वा उस की स्त्री वा उस की ओर से भेजी वा दी हुई नहीं मानते, उन पर वह बहुत सख्त नाराज़ होता है, और उनसे अपना बदला लेने की फिकर में रहता है और जब वह मर जाते हैं, तब वह उन्हें एक ऐसे स्थान में रख देता है, कि जिसे नरक कहते हैं, जहां पर उसे सांप और बिच्छू हमेशा काटते रहते हैं, पीप पीने को मिलती है, तो वह इस बात को भी सत्य समझ कर विश्वास कर लेगा। यदि उसे बताया जाय, कि ईश्वर नामक देवता जब किसी मनुष्य से नाराज़ वा गुस्से होता है, तो वह उस के मरने के अनन्तर किसी विशेष काल के बाद उसे एक ऐसे कुण्ड में डालता है, कि जहां सांप बिच्छू तो नहीं होते, किन्तु गंधक के द्वारा सदा आग दहकती रहती है और वह उस में पड़ कर यद्यपि उस आग से सदा जलता रहता है, तथापि उस के द्वारा उस का शरीर जल कर कभी राख नहीं हो जाता, और न कभी मरता है, और वह देवता उसे अनन्त काल तक इसी प्रकार से कष्ट दे २ कर अपना दिल ठंडा करता रहता है, तो वह इन बातों को भी सत्य मान कर उन का विश्वासी बन जाएगा। यदि उसे यह शिक्षा दी जाय, कि कोई मनुष्य ईश्वर नामक देवता की पसन्द के विरुद्ध चाहे कितनी क्रियाएं करे, और वह उस से कितना हि नाराज़ वा नाखुश क्या न हो, परन्तु यदि वह मनुष्य अपने मरने से पहले अमुक स्थान की अमुक मूर्ति के दर्शन कर ले, वा अमुक नदी वा सरोवर वा बावली वा तालाब वा झील आदि में स्नान कर ले, वा उस का थोड़ा सा जल ही पी ले, वा अमुक जन का

उस का विशेष पुत्र वा अमुक जन को उस का विशेष पैगम्बर मान ले, तो उस का सारा गुस्सा दूर हो जाता है और वह उलटा बहुत प्रसन्न होकर उस अपने स्वर्ग वा बहिश्त वा वैकुण्ठ वा अपनी गोद म रखने और तरह तरह का आनन्द भोगने के लिए जगह दे देता है, तो वह इन बातो का भी विश्वासी बन जाएगा। इत्यादि २ ऐसी सकडो प्रकार की मिथ्या और एक दूसरे के विरुद्ध बातो की शिक्षा पाकर करोडो लोग बाल्य काल स ही धीरे २ उन के विश्वासी बन जाते हैं, और लाखो मनुष्यो के हृदयो पर उन के इस प्रकार के मिथ्या विश्वासो का इतना गहरा अधिकार हो जाता है, कि फिर वह कभी भी उन के महा हानिकारक असरो से निकलने के योग्य नही रहते।

प्रश्न। क्या "करामात" वा "माजजा" वा "अलौकिक वा "अद्भुत् क्रियाओ" के नाम स जो नाना प्रकार की कहानिया प्रचलित हैं, वह भी सब मिथ्या है ?

उत्तर। वह भी जहा तक नेचर की सच्ची घटनाओ और उस के सच्चे और अटल नियमो के विरुद्ध हैं, वहा तक अवश्य पूर्णत मिथ्या हैं। यथा —

ईश्वर नामक देवता के अमुक पैगम्बर ने अपनी सूखी सोटी को जिन्दा साप बना दिया था। अमुक सम्प्रदाय के सस्थापक नेचर के नियमानुसार अपनी माता के गर्भ म नही आए थे, किन्तु वह स्वर्ग स उतर कर और एक सफेद हाथी का रूप धारण करके उस के गर्भाशय म घुस गए थे, और फिर वहा से मनुष्य के बच्चे का रूप धारण करके उत्पन्न हुए थे। अमुक धर्म्म प्रवर्तक एक कुमारी कन्या स उत्पन्न हुए थे। अमुक जन न पानी को शराब

खान के भोजन के लिए सारी चीज मिल जाएगी और जब उन्हों ने उस पेड़ पर चढ़ कर उसे हिलाना शुरू किया, तब उस में से नाना प्रकार की इतनी मिठाइयां गिरीं, कि जिन से हजारों जनों के पेट भर गए इत्यादि २। इस प्रकार की और सकड़ों मिथ्या बातें, करामात या माजज़े या अलौकिक क्रियाओं के नाम से प्रचलित की गई हैं।

प्रश्न। ऐसी पूर्णतः मिथ्या गप्पें क्यों घड़ी और फैलाई गई?

उत्तर। किसी कहलाने वाले देवता या देवी या धर्म्म प्रवर्तक या अवतार या साधु या पीर या वली या फकीर या ऋषि या मुनि या गुरु या महात्मा आदि की महिमा को साधारण लोगों के हृदयों में बिठाने और उन में उस के प्रति श्रद्धा के उत्पन्न करने और उन्हें उस का अनुगत बनाने के लिए। इस प्रकार की मिथ्या बातों का प्रचार अब भी जारी है।

प्रश्न। मनुष्य जगत् में धर्म्म या मजहब या अन्य नाना विषयों के सम्बन्ध में जो हजारों मिथ्या गप्पें प्रचलित हुई हैं उन की उत्पत्ति में उस की नीच अनुराग और घृणा शक्तियों ने किस विधि से काम दिया है?

उत्तर। मनुष्य में धारणा, बुद्धि, स्मरण, अनुकरण आदि जो कई प्रकार की मानसिक शक्तियां उत्पन्न हुई हैं उन में एक कल्पना शक्ति भी है। मनुष्य की यह शक्ति जब उस के किसी भाव के द्वारा भड़क उठती है, तब वह उस के सामने उस के मानसिक पट पर कई प्रकार के ऐसे चित्र खैंच कर खड़े करती है कि जिन में से कुछ सत्य भी होते या हो सकते हैं, और कितने ही पूर्णतः मिथ्या भी होते हैं। अब यदि यह पूर्णतः मिथ्या चित्र ऐसे

हो, कि एक ओर उन के विषय मे अविश्वास पदा करने वाली कोई घटनाए उत्पन्न न हो, तो वह उन को कदापि मिथ्या उप न्यस्त न करेगा और उन्हें कदापि मिथ्या न जानेगा। दूसरी ओर यदि उसे वह मिथ्या भी मालूम हो, परन्तु उन में से किसी के प्रति उस मे कोई यथेष्ट घृणा भाव वर्तमान न हो, और इस के उलट उस ऐसी कोई भी मिथ्या उसे अपने किसी नीच अनुराग वा घृणा भाव की तृप्ति देने के कारण रुचिकर वा आकर्षणीय अनुभव होती हो, तो उस को जान बूझ कर भी व्यवहार वा प्रचार करने के लिए खुशी २ तैयार हो जाएगा, और एक वा दूसरी बात को पूर्णत मिथ्या जान कर भी उसे काम मे लाने के लिए अपने भीतर जोरदार प्रेरणा अनुभव करेगा और उस प्रेरणा के अनु सार कार्य्य करेगा। इसीलिए जैसे किसी मिथ्या को मिथ्या न जानकर अथवा किसी मिथ्या को मिथ्या जानकर परन्तु उसके प्रति कोई आवश्यक मात्रा मे घृणा भाव न रखकर मनुष्य अब से हजारों वर्ष पहले से नाना प्रकार की मिथ्याओं का व्यव हार करता रहा है, वैसे ही अब भी करता है और जब तक उस के आत्मा की ऐसी दशा रहेगी, तब तक वह आगे भी इसी प्रकार करता रहेगा।

प्रश्न। कल्पना शक्ति के द्वारा किस तरह से मनुष्य के भीतर मिथ्या चित्र अर्थात् झूठी तस्वीरें बनती है ?

उत्तर। जब कोई मनुष्य सोया हुआ कई प्रकार के स्वप्न कहलाने वाले दृश्य देखता है, तब उस के भीतर उस समय उस की यही कल्पना शक्ति उन दृश्यो के चित्र खचती रहती है, और जब तक उन के विषय मे उस की ज्ञान बोधक स्मरण वा बुद्धि वा कोई इन्द्रिय शक्ति सच्चा बोध उत्पन्न नही करती, तब

तक वह अपने उस स्वप्न विषयक दृश्य को चाहे वह कैसा ही मिथ्या क्यों न हो, सत्य ही अनुभव करता है। यह स्वप्न की दशा में अपनी कल्पना शक्ति के द्वारा रचे हुए किसी चित्र में देखता है, कि एक साप उस की ओर आ रहा है, और उस ने उस के पास पहुंच कर उस के पांव को काट खाया है और इस दशा में जब वह अपने मरने के भय विषयक भाव के उत्तेजित हो जाने पर घबरा कर जाग उठता है और उस के जागने पर उस की बुद्धि शक्ति भी जो सोई हुई थी जाग उठती है तब यदि वह काफी उन्नत हो चुकी हो, तो वह बताती है कि नहीं नहीं तुम्हें किसी साप ने नहीं काटा, क्योंकि यदि उस ने तुम्हें काटा होता तो तुम्हारे पांव पर उस के दांतों का कोई निशान होता, और वहां पर तुम्हें किसी प्रकार का कुछ दर्द वा कष्ट अनुभव होता। अब जब कि इन में से कोई बात भी नहीं, तब यह तुम ने स्वप्न में जो कुछ देखा है पूर्णत मिथ्या है, और वह फिर इन युक्तियों को ठीक समझकर अपनी बुद्धि की ज्योति में उस पहले दृश्य को झूठ के रूप में देखने के योग्य होकर उसे झूठ मान लेता है।

फिर स्वप्न अवस्था को छोड़ कर मनुष्य की जाग्रत अवस्था में भी उसकी कल्पना शक्ति उसे नाना समयों में मिथ्या दृश्य खेंच कर उन्हें सत्य के रूप में दिखाती रहती है। यथा

रास्ते में जाता २ एक मनुष्य रस्सी के किसी टुकड़े वा कपड़े की किसी काली वा मैली लीर को किसी विशेष दशा में पड़ा हुआ देख कर उसे हठात् साप समझ लेता है, और उस से उस के भीतर का भयभाव भड़क उठता है, और वह उस से भय भीत हो जाता है, जब कि वहां पर सचमुच का कोई भी साप नहीं

[illegible] म मनुष्य की अपनी ही कल्पना शक्ति उसके भीतर [illegible] साप का चित्र खच कर उसे डरा देती है। फिर इस [illegible] कि मनुष्य साप को देख कर डर जाता है, एक [illegible] मनुष्य किसी और मनुष्य को डराकर खुशी [illegible] करने के [illegible] किसी रस्सा वा किसी लीर के टुकडे का एक ऐसी [illegible] देता है, कि उस के पास जान पर वह उसे हठात् [illegible] मालूम हो, और वह उस साप समझ कर डर जाय, और वह [illegible], कि [illegible] उस सचमुच का साँप समझ कर डर [illegible] जब कि वह सत्य रूप से साप नही था।

इसी प्रकार अपनी कल्पना शक्ति के भडक उठने पर [illegible] मुर्दा साप को भी ज़िन्दा साँप समझ कर डर जाता है। [illegible] छोटा बच्चा शेर के बनावटी खिलौने वा किसी "अजायबघर" म किसी मरे हुए चीते की भरी हुई खाल के बनावटी चीते को हाथ लगाने से इसलिए डरता है, कि वह उस काट खाएगा, जब कि वह काट नही सकता, और इस बात का बार २ विश्वास [illegible] पर भी कि वह सचमुच का चीता नही है, और वह उसे कदापि काट नही सकता, वह उसे हाथ से छूना नही चाहता, और वह आग रखकर भी अपनी कल्पना शक्ति के अधिकार मे होने के कारण उस शक्ति ने डर के भाव से उत्त [illegible] होकर उस के भीतर उस मरे हुए और बनावटी चीते को जो जिन्दा परन्तु झूठी तस्वीर पैदा कर दी है, उस तस्वीर को उस समय झूठे रूप मे नही देखता, और उस के चेहरे की आँखें भी उस इस झूठ के दिखाने म कुछ मददगार नही बनतीं।

जब तक कोई मनुष्य अपनी कल्पना शक्ति के द्वारा खचे

हो, तब तक वह अपना बाहर की आँखों को बाहर के सूर्य वा लप आदि की रोशनी म खुला रख कर भूठ को सत्य और सत्य का भूठ क रूप म रखने के लिए मजबूर ह । क्योंकि सूर्य और लंप की रोशनी उस के मानसिक पट तक नही पहुचती और नही पहुच सकती, और उसे रोशन नही करती और नही दिखा सकती । इसीलिए उस के मानसिक पट पर जा भूठी तस्वार खिचा हुई हो उस वह रोशनी भूठ के रूप मे नही दिखा सकती । बाहर की आख कवल जड पदार्थों क रूप का और वह भी अभ्यास क बाद किसी सीमा तक ठीक २ दिखाती है, और उस से आगे विविध प्रकार की अजीवित और जीवित शक्तियो से भरपूर अन्य जगतो क सूक्ष्म रूपो और उनक सम्बन्ध म नाना प्रकार के सत्यो वा तत्वो को दिखाने की योग्यता नही रखती । इस प्रकार के सत्यो के देखने क लिए उस बाहर की ज्योति से ऊपर अपने ही आत्मा म आन्तरिक मानसिक ज्योति और फिर उससे ऊपर दरजेवार उच्च से उच्च ज्योति के विकसित करने की आवश्यकता है । इसलिए जो मनुष्य जितने अश इस प्रकार की आन्तरिक ज्योति स विहीन होता है उतने ही अश वह अन्धकार की दशा मे रह कर विविध प्रकार स अपनी हानि करता है ।

प्रश्न । भला कितने हि चालाक लोग किसी और मनुष्य क भीतर की कल्पना शक्ति को भडका कर और उसके द्वारा किसी भूठ विश्वास आदि के जाल मे फसा कर किस तरह से अपना कोई मतलब सिद्ध करते हैं ?

उत्तर । दो जन एक दूसर क प्रति मित्र भाव रखते है ।

न्न एक न्यरे क शुभ चिन्तक हैं। अब एक और जन उन म दूर डालन की नीयत स उन म म एक क पास जाकर झूठ मूऽ प्र कहना शुरू करता ह, कि वह अमुक जन अमुक स्थान म तुम्हारी अप्रशसा करता था, और बड जनों को तुम्हारे विरुद्ध भन्ता रर तुम्हे हानि पहुचाने की कोशिश करता था। वह जन जब न्म की यह मिथ्या बात सुनता है, तो उस क अपने प्रशसा प्रिय भाव पर जन्त चोट लगती है, और उस के भीतर अपन उस मित्र के प्रति घृणा भाव भडक उठता ह, उसके जागते हि उसकी कल्पना शक्ति उस क भीतर उस मित्र क सम्बध म एक पूर्णन मिथ्या घृणित तस्वीर बनाने लगती है, और इस घृणित तस्वीर का देखकर उसका अपने उस मित्र के प्रति घृणा भाव और भी बढता जाता है और वह जो कुछ देर पहले अपन न्स मित्र म मिलन जुलन का बहुत इच्छुक था, उसे देखकर प्रसन्न होता और मुसकरा उठता था, और उसे अपने पास बिठाए रखने के लिए बार २ आग्रह करता था, अब उस की शकल तक देखना नहीं चाहता, उस के किसी अच्छे गुण की भी प्रशसा सुनना पसन्द नहीं करता उस म मिलने का इच्छुक नहीं रहता, और उसे अपनी ओर आता देखकर प्रसन्न नहीं होता, जबकि वह अब भी उस के प्रति पहले की न्याई मित्र भाव ही रखता ह वह अब भी उस का पहले की तरह शुभ चिन्तक ही है और उसने किसी के सन्मुख उस की कोई अप्रशसा नहीं की, और किसी को भी उस की हानि करने क लिए नहीं भडकाया और उस के मित्र के भीतर उस के प्रति यह पूर्णत मिथ्या विश्वास उस के भीतर के घृणा भाव और इस भाव क द्वारा उस की कल्पना शक्ति क अन्दर उत्पन्न के कारण ही उत्पन्न हो गया था, और उन्ही क

मिथ्या विश्वास पैदा करने के लिए तयार हो गया, उसी प्रकार नाना देशों में मरे हुए जनों में से कितने ही अधम लोक वासी आत्माएं और उन के स्थूल शरीर धारी अधम पुजारियों और पुरोहितों और नाना सम्प्रदायों के संस्थापकों और नेताओं और विविध प्रकार के अन्य जनों और फिरकों और जमायतों के लोगों में अपने एक या दूसरे अभिप्राय की सिद्धि के लिए हजारों लोगों के भीतर अपने प्रति उन के भीतर श्रद्धा वा विश्वास भाव को उत्पन्न करने और उन्हें अपना अनुगत बना के अपना एक वा दूसरा अभिप्राय सिद्ध करने के लिए भाँति २ की पुराने मिथ्या गप्पें घड़ी और फैलाई हैं और उन्हों ने धर्म्म या मजहब वा किसी और नाम से लोगों के भीतर तरह २ के पुराने मिथ्या और महा हानिकारक विश्वासों की उत्पत्ति की है और इस प्रकार की मिथ्या गप्पों का प्रचार अब भी केवल किसी धर्म्म वा मजहब के नाम से ही नहीं, किन्तु किसी पालीटिकल वा किसी अन्य नाम से भी किया जाता है।

प्रश्न। मनुष्य अपनी कल्पना शक्ति के द्वारा और भी किसी प्रकार की मिथ्या घड़ता रहा है ?

उत्तर। हां। वह यह जान कर कि मनुष्य में कौतूहल भाव भी वर्तमान है, और यदि वह कोई ऐसी बात वा क्रिया करे, कि जिस में उस के इस कौतूहल भाव की तृप्ति हो, तो वह उस के भीतर एक वा दूसरा प्रकार का मिथ्या विश्वास उत्पन्न करके अपना एक वा दूसरा मतलब सिद्ध कर सकता है, अपनी कल्पना शक्ति के द्वारा नाना प्रकार की मिथ्या बातें घड़कर और उन के द्वारा नाना प्रकार के मिथ्या विश्वास लोगों में

उत्पन्न करके अपना अभिप्राय सिद्ध करता रहा है।

प्रश्न। कौतूहल भाव क्या होता है?

उत्तर। जब कोई मनुष्य किसी नए वा अद्भुत् वा विचित्र वा विस्मय-जनक किसी दृश्य के देखने वा उसके विषय में किसी बात के सुनने का उत्सुक हो जाता है, तब उस के भीतर के इस भाव को कौतूहल भाव कहते हैं। इस भाव के उत्पन्न हो जाने पर वह किसी अद्भुत् दृश्य को देखकर वा किसी अद्भुत् चीज़ का वर्णन सुनकर विस्मित और बहुत खुश होता है। मनुष्य जगत् में नाना प्रकार के स्वाँगों और नाना प्रकार के अद्भुत् चित्रों वा आकारों और देवी देवता के अद्भुत् रूपों और विविध प्रकार के परिहासों वा लतीफों और कहानियों, नक्लों और तमाशों की उत्पत्ति मनुष्य के इसी भाव के चरितार्थ करने के लिए हुई है। अब यदि किसी ऐसे कौतूहल उत्पादक अद्भुत् दृश्य को देखकर वा उस की कथा सुन कर कि जो पूर्णतः मिथ्या हो, और उस को किसी मनुष्य ने अपनी कल्पना शक्ति के द्वारा पूर्णतः झूठी रचना की हो, कोई जन उस के बनावटी वा मिथ्या होने का ज्ञान न रखता हो, तो वह उस में विस्मित और हर्षित होने के भिन्न उसे सच जान कर उस का मिथ्या विश्वासी भी बन जाएगा। मज़हब वा धर्म्म के नाम से इस प्रकार के कौतूहल-उत्पादक झूठों का भी बहुत कुछ प्रचार किया गया है।

प्रश्न। आप कृपा करके इस विषय के कुछ दृष्टांत दे सकते हैं?

उत्तर। बेशक। यथा — कितने ही मनुष्यों ने यह जान कर कि यदि मनुष्य के साधारण शारीरिक आकार वा उस के परिवर्तन आदि के विषय में कौतूहल-उत्पादक किसी कथा को

प्रचार किया जाय ता मग और अज्ञानी लोग इस सत्य समझ कर उस पर विश्वास कर लेते हैं, अपनी कल्पना शक्ति के द्वारा मनुष्य के आकार में पशु जगत् के जीवों के कुछ अंग मिला कर कई प्रकार के नए परन्तु पूर्णतः मिथ्या रूपों की सृष्टि की। जैसे, उन्होंने मनुष्य के आकार में पक्षियों के पर लगा कर एक बनावटी जीव का एक बनावटी नाम रख दिया, और यह प्रचार करना शुरू किया, कि इस प्रकार के जीव आसमान के एक या दूसरे स्थान में रहते हैं और वह पक्षियों की तरह अपने परों से उड़ते हैं और आकाश में उड़ कर इस पृथ्वी पर भी आते हैं। इसी तरह उन्होंने मनुष्य के आकार में सींग वाले पशुओं के से सींग लगाकर इन मिथ्या रूप में कल्पित जीवों का नाम जिन या दैत्य या दानव रख लिया, और कहा कि वह भी आकाश में रहते हैं, और वह भी इस पृथ्वी पर आते और यहां कई प्रकार के काम करते हैं। फिर उन्होंने आदमी के आकार में दो के स्थान में कई हाथ लगा कर यह कहना शुरू किया, कि एक देवता ऐसा है, कि जिस के चार हाथ हैं और अमुक देवी के छः और अमुक देवी की आठ भुजाएं हैं। इसी प्रकार अमुक देवता का पांव से गले तक तो मनुष्य का सा आकार है, परन्तु उसके ऊपर वह हाथी की सूंड रखता है। देवते लोग अपने मनुष्य जैसे रूप को जब चाहते हैं, तब उसे किसी भी पशु या अन्य अस्तित्व के रूप में बदल सकते हैं। अमुक देवता ने एक बार अपना आधा शरीर मनुष्य का सा रखकर दूसरा आधा शेर का सा बना लिया था। अमुक पीर मछली पर सवार होकर किसी नदी की सैर करते हैं। अमुक देवी की जो पत्थर की मूर्ति अमुक जगह में है, उसे मासिक रज होता है। अमुक देवता एक प्रकार के पक्षी पर सवार होकर बाहर

निवलन हैं, ग्रार अमुक दवता एक चूहे पर मवार होकर सर करत हैं। अमुक स्थान क अमुक मन्दिर म एक दवता की मूर्ति वहा म रात म निकल कर सत्तर मील के फासल पर एक स्थान म अपना प्रियतमा के पास चली जाती थी और सवर फिर अपन पहले स्थान मे लौट आती थी। अमुक नदी न एक बार अपन किनार पर एक राजा को टहलते देखकर ग्रार उन क रूप पर मोहित होकर सुदर स्त्री का रूप धारण किया था और उन स विवाह करक उस न एक बच्चा जना था। अमुक देवता आकाश क एक स्थान में एक बडे तख्त पर बैठता ह और अपन दास ग्रार मनुष्यो का सा आकार परन्तु अपन कन्धो पर पक्षियो क पर रखने वाले दूतो को खडा करक उन स हर समय अपनी प्रशसा ध्वनि कराता रहता है, ग्रार उन स कई प्रकार क ग्रार काम भी लेता है। एक बार एक धनुष बाण धारी देवत क एक भक्त किसी तीर्थ स्थान म गए वहा पर उन्होने एक मन्दिर मे उस दवते की सुदर मूर्ति देखकर परन्तु उस धनुष बाण क द्वारा सजा हुआ न पाकर प्रणाम न किया ग्रार उस दवत का मूर्ति को कहा, कि जब तक आप धनुष बाण हाथ म न ल तब तक म आप क स मुख अपना मस्तक नही झुका सकता इस पर उन की भक्ति स प्रसन्न कर उस मूर्ति न झट धनुष बाण धारण कर लिया और तब उन्होन फौरन उसके आगे अपना सिर झुका दिया इत्यादि इत्यादि। इन ग्रार इस प्रकार का और सकडो मिथ्या बातो पर जो सत्य नेचर की सत्य घटनाओ और उस के सत्य और अटल नियमो के पूर्णत विरुद्ध ह और केवल कल्पना शक्ति क द्वारा झूठ मूठ घडी गई है, पृथ्वी क नाना देशो क लाखो और करोडो लाग अब तक भी विश्वास करत हैं।

प्रश्न । कल्पना शक्ति के द्वारा जब कि किसी मनुष्य के भीतर सत्य दृश्यों की सी उत्पत्ति होती है, तब क्या आप उस के विषय में कृपा करके कुछ लिखा नहीं देंगे ?

उत्तर । क्यों नहीं ? प्रथम तुम्हें यह जानना चाहिए, कि जैसे आँख रखने वाले नाना पशुओं में उन की आँखों के द्वारा सत्य वा उन्नत शक्ति की रोशनी वा मदद से जड़ पदार्थों से उत्पन्न हुए नाना अस्तित्वों के आकारों के चित्र उन के मस्तिष्क में प्रकाशित होते हैं और वह उन्हें देखते हैं, वैसे ही उन्हीं की न्याई आँख रखने वाले नाना मनुष्यों के भीतर भी ऐसे चित्र प्रकाशित होते हैं, और वह भी उन्हें देखते हैं। इसी विधि से नाना आँखों वाले पशुओं की तरह नाना और करोड़ों मनुष्य भी अपनी आँखों के द्वारा अपने शरीर के नाना अंगों के देखने के भिन्न अन्य जीवित और अजीवित अस्तित्वों के बाहरी रूपों को देखने की योग्यता रखते हैं, और ऐसे नाना रूपों को यह जहां तक अपनी आँखों के द्वारा बाहर की रोशनी से मिलने पर ठीक २ देखते हैं और उस उन के भीतर का कोई भाव भड़क कर उन्हें सत्य के भिन्न किसी और रूप में नहीं दिखाता, वहां तक वह उन्हें अवश्य सत्य रूप में ही देखते हैं। परन्तु इस से ऊपर जब किसी मनुष्य में किसी प्रकार के दृश्य को देख कर उस का कोई आन्तरिक भाव उत्तेजित हो जाता है, और वह अपने उस विशेष भाव से परिचालित होकर किसी मनुष्य वा पशु वा वृक्ष वा अन्य पदार्थ के रूप की ओर लगता है वा नेचर के किसी अस्तित्व वा विधान विषयक किसी सत्य वा तत्व के खोजने वा जानने का इच्छुक बनता है तब उस के भीतर किसी ऐसे भाव के उत्तेजित होने पर उस के भीतर की कल्पना शक्ति उत्तेजित होकर उस के मानसिक पट पर एक वा

दूसरे प्रकार के जो २ चित्र खचने वा उस कार्य बात सुभान लगती है उन म स जितना व तें कई बार जहा सत्य नहा होती, वहा कितनी ही बातें सत्य वा ठीक भा होती है। इसीलिए यदि किसी मनुष्य में सौ न्दय भाव वतमान हो, तो वह उस के द्वारा अनुप्राणित होकर जब सकन्द वृक्षा के झुडो और हरी घास म आच्छादित किस। एसी पवन श्रेणी वा पत्र पुष्पा म भर हुए किसी विशेष जलाशय वा पुष्पा स आच्छादित किसी लता वा किसी मनुष्य वा पशु आदि की ओर देखता है कि जिन म नचर के किसी प्रकार के सौन्दय का प्रकाश हुआ हो तब वह अपन आन्तरिक सौदय बोध और अनुराग के द्वारा अपनी कल्पना शक्ति के जाग्रत हो जान और उस के काव्य करन पर अपने भीतर उन के सम्बन्ध मे जिस २ प्रकार के सुदर दृश्यो को देखता है उह इस सौन्दय भाव से विहीन एक और जन नही दखता और सौन्दय भावी जन उनम स किसी के सौन्दय का जसा कुछ गद्य वा पद्य के द्वारा वणन करता है उस दूसरा जन दृष्टा के रूप मे कदापि वणन नही कर सकता। इसी प्रकार जो जन अपने आत्म म दया वा सम्वेदना विषयक भाव रखता हो वह भाव के उद्वलित होने और उसके द्वारा अपनी कल्पना शक्ति के काव्य करने पर किसा दुखिया के दुख दद के जिस २ प्रकार के करुणा उत्पादक चित्र दखता है, और उनका वणन करता है, वह हृदय इस दया वा सम्वेदना भाव स विहीन। कोई जन न तो अपने भीतर देख हा सकता है, और न उन का दृष्टा के रूप म कुछ वणन ही कर सकता है। इसी प्रकार जो जन किसी प्रकार की मिथ्या वा किसी प्रकार के पाप कर्म्म के लिए अपने भीतर कोई सच्ची घृणा रखता है, वह अपने उस घृणा भाव से परिचालित होने पर

ग्रार न्स के द्वारा अपना कल्पना शक्ति के काय करने पर उस पाप कम्म क हानिकारक रूप के सम्बन्ध म जिस २ प्रकार क दृश्य रचना या उन की वणन करता है, उसमे विहीन कोई ग्रौर जन नहीं देखता ग्रार नही देख सकता, ग्रौर एक दृष्टा की भाई उनका वणन भा नही कर सकता। इसी तरह जा जन पर हित उत्पादक किसी ग्रौर सात्विक वा उच्च भाव स उद्वलित होकर ग्रार उस के द्वारा ग्रपनी कल्पना शक्ति को परिचालित करके ऐसा एमे परोपकार विषयक काम का जसी सुदर छबि वा महिमा देखता वा उस का वणन करता है, वह उस भाव मे विहीन काइ ग्रार जन नहीं देख सकता, ग्रौर एक दृष्टा की भाइ उस का वणन भी नही कर सकता। इसालिए जब कोई मनुष्य ग्रपन किसी उच्च ग्रनुराग वा उच्च घणा भाव से परिचालित होकर किसी विषय मे कुछ कहना वा बालना वा लिखना वा कोई ग्रौर रचना करना ग्रारम्भ करता है तब ग्रनुकूल दशा के मिलने पर ज्यो २ उसका वह भाव उभर २ कर सतेज वा जोरदार होता जाता है त्यो २ उसकी कल्पना शक्ति के द्वारा उसके मानसिक पट पर नई स नई तस्वीर बनता ग्रौर उस के सम्मुख प्रगट होता चला जाती है, ग्रौर वह उन का ग्रपन भाव क वेग से शीघ्र २ ग्रार बहुत सुगमता के साथ वणन करता चला जाता है परन्तु जब किसा कारण स उस के भीतर की ऐसी तस्वीरो के बनने मे कोई व्याघात् उत्पन्न हो जाता है, तब उस वक्ता वा लेखक वा रचना कर्त्ता की वणना मे भी व्याघात् उत्पन्न हो जाता है। किसी विषय म किसी मनुष्य के अनुप्राणित वा "इन्स्पायर" होने का सच्चा रहस्य यही है।

वस्तुत ग्रच्छा कल्पना शक्ति ग्रौर किसी प्रबल भाव

और उन दोनों के साथ जिस २ प्रकार की ज्योति के प्रकाश की आवश्यकता है उस ज्योति की वर्तमानता के बिना किसी मनुष्य के मानसिक पट पर कोई सत्य और भली भांति स्पष्ट दृश्य नहीं बनते। परन्तु यह सत्य सदा स्मरण रखना चाहिए कि इन बातों के वर्तमान होने पर भी किसी जन के मानसिक पट पर जो तस्वीरें बनती हैं, वह सब की सब और सदा सत्य नहीं होतीं किन्तु कुछ उन में से पूर्णतः सत्य कुछ पूर्णतः मिथ्या, और कुछ सत्य और मिथ्या से मिली जुली होती हैं।

प्रश्न। तब यह क्योंकर मालूम हो कि नेचर के जिस किसी विभाग वा उस विभाग के जिस किसी अंश के सम्बन्ध में मनुष्य कोई बातें कहता वा बताता है, उन में से कौन २ सी बात सत्य और कौन २ सी मिथ्या हैं ?

उत्तर। इस के लिए—

(१) उस नेचर के उस विभाग के सम्बन्ध में अपने पहले जमे हुए सब प्रकार के संस्कारों और विश्वासों के अधिकार और उन के विषय में अपने भीतर के सब प्रकार के पक्षपात से ऊपर होने की आवश्यकता है।

(२) उस नेचर के उस विभाग के सम्बन्ध में सत्य की खोज का आकांक्षी बनने और ऐसी खोज के लिए "वैज्ञानिक विधि" के नाम से जो विधि इस काल में प्रचलित है उसे सरल भाव से ग्रहण करने और उसे काम में लाने की आवश्यकता है।

प्रश्न। बिल्कुल ठीक है। परन्तु मनुष्य जगत् की वर्तमान अवस्था में यद्यपि नेचर के एक वा दूसरे निम्न विभागों के सम्बन्ध में कुछ २ जनों ने ऐसी थोड़ी वा बहुत योग्यता पाकर जहां तक बहुत प्रशंसनीय खोज की है, उस से उन विभागों के सम्बन्ध में

सत्य ज्ञान की बहुत आश्चर्य जनक उन्नति हुई है, तथापि शोक, कि वर्त्तमान वाले मजहब वा धर्म्म के नाम से नाना प्रकार के वर्तमान सम्प्रदायों में तो इन दोनों बातों का ही पूर्ण रूप से अभाव देखा जाता है।

फिर यह मिथ्या कल्पना प्रचलित की गई, कि आकाश में एक वा दूसरे देवता ने दो स्थान ऐसे बनाए हैं, कि जिन में से एक को उस ने पूर्ण सुखों का स्थान बनाया है कि जिस का नाम "स्वर्ग" वा "वैकुण्ठ" आदि है, और दूसरे को उस ने पूर्ण दुःखों का स्थान बनाया है, और उस का नाम 'नरक' है। जब कोई मनुष्य मरता है तब वह मरने के अनन्तर उस देवता के पास जाकर उस के फैसले के द्वारा अथवा अपने कर्मों के ही स्वाभाविक फलों के कारण उन में से एक वा दूसरे में किसी विशेष काल के लिए जाता है, अर्थात् वह अपने बुरे कर्मों के बदले दुःखों को भोगने के लिए नरक में और भले कर्मों के बदले सुखों के भोगने के लिए "स्वर्ग" में वास करता है। फिर जब उस में रहने की उस की मियाद खतम हो जाती है तब फिर वह इस पृथ्वी में किसी मनुष्य वा पशु वा वृक्ष के रूप में जन्म लेता है और जब तक उस की सब प्रकार के बुरे और भले कर्मों से मुक्ति न हो तब तक वह "पुनर्जन्म" के इसी चक्र में पड़ा रहता है और उससे मुक्ति नहीं पाता। भले कर्मों के फलों से कभी वह मनुष्य बन कर धन पदार्थ रत्न सवारी सुस्वादु भोजन, आरोग्यता, सुन्दर स्त्रियां और सन्तान् आदि विषयक सुख लाभ करता है और बुरे कर्मों से इन सुखों में पूर्णतः वा अंशतः वंचित होकर कई प्रकार के दुःख पाता है। इसलिए भले और बुरे दोनों प्रकार के कर्मों से मुक्त होने के बिना पुनर्जन्म के दुःखों से मुक्ति नहीं हो सकती। किसी साधन के द्वारा "आत्मज्ञान" वा "ब्रह्मज्ञान" के प्राप्त होने पर ऐसी मुक्ति मिल जाती है।

"पुनजन्म" से स्नान के द्वारा मुक्ति ।

किसी विशेष नदी कुण्ड झील, सरोवर, बावड़ी वा भरन आदि में स्नान करने से शरीर की मल के साथ सब मनुष्यात्मा के सब पाप भी धुल जाते हैं और फिर उन के लिए उसे "पुनजन्म नहीं लेना पड़ता । और तब वह 'ब्रह्म' नामक एक सर्वव्यापी चेतन सत्ता में लय वा लीन हो जाता है ।

पुनजन्म से दर्शन के द्वारा मुक्ति ।

किसी विशेष स्थान की किसी मूर्ति आदि के दर्शन से सब प्रकार पाप के कर्मों के फलों और पुनजन्म से मोक्ष मिल जाती है ।

पुनजन्म से चिह्न धारण के द्वारा मुक्ति ।

शरीर के ऊपर विशेष प्रकार के चिह्न यथा कण्ठी, तिलक कण्ठी माला छाप, मुद्रा आदि के धारण करने से भी सब प्रकार के पापों और उन के फलों और पुनजन्म से मुक्ति मिल जाती है ।

पुनजन्म से किसी विशेष स्थान में मरने के द्वारा मुक्ति ।

किसी विशेष स्थान यथा काशी आदि में मरने से भी पुनजन्म से मुक्ति मिल जाती है ।

पुनजन्म से किसी मंत्र वा शब्द उच्चारण के द्वारा मुक्ति ।

किसी विशेष मंत्र के जप वा अपने इष्ट देव के विशेष नाम के उच्चारण करने से भी पुनजन्म से मुक्ति मिल जाती है ।

पुनर्जन्म मे "बलि' के द्वारा मुक्ति।

एक वा दूसरे देवता वा देवी को कई प्रकार के पशुओं का बलि देने से भी पुनजन्म मे मुक्ति मिल जाती है। यथा —

कालिका पुराण मे लिखा है —

पक्षिण कच्छपा ग्राहा मत्स्या नवविधा मृगा
महिषा गोधिका गाव छागो वभ्रश्च शूकर।
खड्गश्च कृष्ण सारश्च गोधिका सरभा हरि
शार्दूलश्च नरश्चैवस्वगात्र रुधिरन्तथा।
चण्डिका भैरवादिना वलय परिकीर्त्तिता
बलिभि साध्यते मुक्ति बलिभि साध्यते दिवम्।

भावार्थ —

पक्षी, कछुवा, मगर, मछली नौ प्रकार के हिरन, भैसा नीलगाय, गौ, बकरा, सुवर, गैण्डा नगड बगड वाला हिरन शेर, बाघ, अपने शरीर का खून, यह सब चीजें चण्डी और भैरव आदि देवताओ की बलि है। ऐसी बलि के देने से मुक्ति हो जाती है और स्वर्ग की प्राप्ति भी होती है।

पुनजन्म से "पचमकारो" के द्वारा मुक्ति।

तान्त्रिक लोगो के शास्त्रो मे लिखा है कि

'मद्य मास च मीन च मुद्रा मैथुन मेवच,
एते पच मकाराम्यु मोक्षदा हि युगे युगे।
पीत्वा पीत्वा पुन पीत्वा यावत्पतति भूतल,
पुनरुत्थाय वै पीत्वा पुनजन्म न विद्यते।

भावार्थ—मद्य (शराब) मास, मीन (मछली) मुद्रा (खान की खास २ स्वाददार चीजें) और मैथुन (स्त्री पुरुष का

समागम) इन पाचो वा पच मकारा के द्वारा प्रत्येक युग में मुक्ति मिलती है। यदि कोई जन एक वार शराब पीकर दोबारा पीवे, उस के बाद फिर पीवे इसी तरह बार २ पीता जाय जब तक जमीन पर न गिर पडे, और जमीन से उठे और फिर पीवे तो उस की पुनजन्म से मुक्ति हो जाती है।

पुनजन्म मे जैना मुक्ति।

मनुष्य का आतमा वा जीव नित्य अनादि चेतन शुद्ध और अरूपी है। वह विविध प्रकार के कर्म्मों को ग्रहण करके उन के द्वारा उसी प्रकार मलिनता मे ढक जाता है, जिस प्रकार सोना मट्टी के चढने से ढक जाता है। जब तक वह कर्म्मों के बन्धनों से मुक्त नही हो जाता, तब तक वह अपने शरीर के छोडने के बाद अपने बुरे कर्म्मों का फल भोगने के लिए किसी नरक में पडता है और कभी भले कर्म्मों का फल भोगने के लिए स्वर्ग मे पहुंचता है और कभी इस पृथ्वी मे मनुष्य, पशु और वृक्ष आदि का रूप ग्रहण करके पुनजन्म के चक्र मे घूमता रहता है। परन्तु जब वह जैन सम्प्रदाय के चौबीस तीथङ्करों यथा ऋषभ देव, पारसनाथ महावीर आदि की शरण लेता है, और वह उन के सम्बन्ध में उन के ग्रंथों की शिक्षा के अनुसार इस प्रकार के विश्वास करता है, कि वह सकडों गज के ऊंचे शरीर और हजारों वर्षो की उमर रखते थे, इत्यादि, और उन के विशेष उपदेशों का विश्वासी बनता है तब वह उन की मूर्ति की पूजा और उन के सम्बन्ध मे मन्त्र आदि के पाठ और जप में और उन के बताए हुए अन्य साधनों के ग्रहण करने से सब प्रकार के भले और बुरे कर्म्मों के बन्धनों से मुक्ति पा जाता है और तब उसे कोई पुण्य वा पाप नही लगता, और तब वह सर्वज्ञ सर्वदर्शी अनन्त शक्तिमान् अनन्त

ग्रान्न भावा "परमदवर" वन जाता है और मरने क बाद राहाग म निवपुर नामक एक नगर म वि जा एक बहुत बडा सुन्दर शिला पर वसता है पहुँच कर बिना शरीर क वास करता है, ग्रौर पुनजन्म क दुखा स सदा क लिए मुक्त हो जाता है।

'पुनजन्म" से बौद्ध मुक्ति।

मनुष्य का अस्तित्व दुखमय है। वह अपने अस्तित्व म नाना प्रकार के दुख पाता है यथा —

(१) जन्मने का दुख, बुढ़ापे का दुख बीमारी का दुख मृत्यु का दुख, प्रिय वस्तु क वियोग का दुख अप्रिय क साथ रहने का दुख, किसी ग्राशा या ग्राकाक्षा के पूरा न होने का दुख इत्यादि।

(२) इन दुखा का कारण उस के भीतर जीने ग्रौर सुख भोगने की तृष्णा है, जिस से परिचालित होकर वह शरीर २ म नाना प्रकार की योनियो म जन्म लेता है।

(३) यह सब दुख उस क तब दूर हो सकते हैं जब वह "पुनजन्म' क चक्र स मुक्ति लाभ कर।

(४) पुनजन्म से मुक्ति वा निर्वाण लाभ करने क लिए उसे मूलत 'बुद्ध जी की शरण लेने ग्रौर उन्हें "सर्वज्ञ ग्रौर उनके सम्बन्ध म नेचर के नियमो के विरुद्ध जो सैकडो प्रकार की मिथ्या कहानियाँ वा गप्पें प्रचलित की गई हैं उन पर विश्वास करने की ग्रावश्यकता है। फिर जब उन की मूर्ति की फूल ग्रौर फलो स पूजा ग्रौर उन के सम्बन्ध मे स्तोत्र ग्रादि

वे गान करने और उन के बताए हुए "अष्ट मार्ग" पर चलने के योग्य होने पर नाना जन्मों के बाद वह आप भी "बुद्ध" बन जाता है, तब उस की सब प्रकार के बुरे और भले कर्मों और पुनर्जन्म से निर्वाण मुक्ति हो जाती है ।

पुनर्जन्म से सिक्खों की मुक्ति ।

गुरु नानक साहब सिक्ख पंथ के स्थापक थे । उन के पीछे नौ और गुरु हुए । गुरु अर्जुन जो पांचवें गुरु थे । उन्हों ने गुरु नानक साहब और अपने कई और गुरुओं के भिन्न कबीर, नामदेव आदि और बहुत से भक्त गुरुओं की वाणियाँ एकत्र करके एक पुस्तक रची, कि जिस का नाम "ग्रंथ साहिब" है । उन के बाद इस ग्रंथ में और कई सिक्ख गुरुओं की वाणियाँ भी शामिल की गई । साधारण सिक्ख जिन दस गुरुओं को मानते हैं, उन के भिन्न "नामधारी सिक्ख, राम सिंह नामक एक ग्यारहवें गुरु को अपना प्रधान गुरु मानते हैं । साधारण सिक्ख लोग अपने इन गुरुओं के सम्बन्ध में उन नाना प्रकार की झूठी करामातों को भी सत्य मानते हैं कि जो नाना समयों में प्रचलित की गई थी । इन गुरुओं की ओर से पुनर्जन्म से मुक्ति वा मोक्ष के सम्बन्ध में जो मूल उपदेश है वह यह है कि परमेश्वर वा राम का नाम सुनने वा जपने से मनुष्य के सब पाप कर्म नष्ट हो जाते हैं । ग्रंथ साहब के भक्तों की वाणी के अनुसार अजामील ब्राह्मण और चन्द्र मणि कजरी राम शब्द के उच्चारण करने से अपने २ पापों और पुनर्जन्म से मुक्ति पाकर मरने के अनन्तर विमान पर चढ़कर वैकुण्ठ को चले गए थे ।

पुनर्जन्म से राधा स्वामी मुक्ति ।

जसे हठ योगी अपने शरीर में वायु के चढान और उतारने और रोकने का अभ्यास करते हैं, वसे ही राधा स्वामी मत के अनुगत लोग अपने शरीर म वायु की ध्वनि मे जिस 'शब्द' की उत्पत्ति होती है, उस "शब्द' के साथ अपनी सुरत अर्थात् चित्त वा वृत्ति के चढाने और स्थिर करने का अभ्यास करते हैं । यह लोग इसी "शब्द' को अपना मालिक कुल मानते हैं, और विश्वास करते हैं कि यही शब्द जो ऊपर सूक्ष्म हैं नीचे उतर कर और मनुष्य में पहुच कर आत्मा और शरीर बन गया है । यह लोग विश्वास करते हैं कि यदि उन की शिक्षा के अनुसार दोनो आखो के बीच के स्थान से सुरत को चढाकर खोपरी के भीतर के कई और स्थानो म जिन के उन्हो ने त्रिकुटी, सुन, भवर गुफा आदि नाम रक्खे हैं, चढाते २ उस के अंतिम स्थान मे (जिसे वह सत् नाम कहते हैं) पहुचाया जाय तो फिर शब्द विषयक नाना प्रकार की सुरीली ध्वनियो के सुनने का आनन्द लाभ करने के भिन्न मनुष्यात्मा इस साधन के द्वारा पुनजन्म से भी मोक्ष पा जाता है ।

पुनजन्म से आर्य्य समाजी मुक्ति ।

आर्य्य समाज के स्थापक पण्डित दयानन्द के कथन के अनुसार मनुष्य का आत्मा अपने स्थूल शरीर को छोडकर पहले किसी शरीर के बिना हवा में रहता है । फिर ईश्वर नामक एक देवता उस के कर्म्मों के अनुसार उसे किसी मनुष्य वा पशु वा वृक्ष आदि के आकार के भीतर (उस के किसी छिद्र वा आहार की वस्तु के द्वारा) पहुचा देता है और फिर वह एक नई देह धारण करके

उस के भीतर म जन्म लेता है, और तब वह अपने पिछले कर्मों के अनुसार सुख वा दुख भोग करता है। यदि उस न अपने शरीर क द्वारा चोरी या व्यभिचार विषयक कोई पाप किया हो तो वह किसी वृक्ष वा घास क आकार म जन्म लेता है। यदि उस न अपनी वाणी क द्वारा कोई पाप किया हो तो भंगी आदि बनता है। अच्छे कर्म करके किसी राजा या धनी के यहां जन्म लेकर सुस्वादु खान सुन्दर वस्त्र और नौकर और सवारियां आदि लाभ करता है। वह इस पृथ्वी म इस प्रकार से जन्म लेकर जो २ सुख भोगता है, वही उस के लिए 'सामान्य स्वर्ग' का भोग है। और वह यहां जिस २ प्रकार के दुख पाता है वही उस के लिए 'सामान्य नरक' है। जब तक उस की इस प्रकार के कर्मों से मुक्ति नहीं होती, तब तक वह इसी प्रकार के "स्वर्ग" और "नरक" का सुख वा दुख भोगता रहता है। फिर जब सब कर्मों से उस की मुक्ति हो जाती है, तब वह शरीर धारण करने के बिना ब्रह्म नामक एक स्वतंत्र की याद म जा एक "विशेष स्वर्ग" है उस मे चला जाता है, और उस मे रहकर नाना लोकों म आनन्द से विचरण करता है। वह इकतीस नील इस खरब और चालीस अरब वर्ष तक इस ब्रह्म लोक के "विशेष स्वर्ग" म वास करता है। उसके अनन्तर वह फिर उस "विशेष स्वर्ग" से निकाला जाता है, और फिर इस पृथ्वी म जन्म लेता है, और फिर कर्मों के चक्र म पड़कर नाना प्रकार की योनियों मे भ्रमण करता रहता है। "आर्यों" विश्वास के अनुसार कोई आत्मा सदा के लिए "पुनर्जन्म" से मुक्ति नहीं पाता।

क्षमा प्राप्ति के द्वारा नरक के दुखों से ईसाई मुक्ति।

इस से पहले त्रिताप और पुनर्जन्म के दुखों से [न कि

आमा का पनरागी गनियों स] नाना प्रकार की मिथ्या कल्पना मूलक मुक्ति विषयक विधियों का वर्णन हो चुका है अब जो लोग पाप कर्मों के फल से मुक्ति के विषय म एक या दूसरे प्रकार की मिथ्या गप्पों की शिक्षा देते हैं उनका वर्णन किया जाता है।

ईसाई मत की शिक्षा यह है कि ईसा नामक एक जन ईश्वर के एकलौते पुत्र और उस के एक मात्र पूर्ण अवतार थे। वह एक कुवारी लडकी से बिना उस के किसी नर मनुष्य से सम्बन्ध हुए के उत्पन्न हुए थे। उन्हों ने कई करामातें दिखाई थीं। वह मनुष्य के मुर्दे शरीर को फिर जिन्दा कर देते थे। उन्हों ने पापी मनुष्यों को नरक की महा दुख दायक आग की जलन से बचाने के लिए आप सूली पर चढ़ कर और जान देकर और उनके सब पापों को अपने ऊपर लेकर उन का दुख भोग लिया है। इसलिए जो जन उन्हें अपना परित्राता विश्वास करता है उसके सब पापों को ईश्वर नामक एक देवता जो स्वर्ग में रहता है क्षमा कर देता है। इस क्षमा या माफी के मिल जाने से उसे फिर अपने पापों के लिए कोई और हानिकारक फल भोगना नहीं पडता। उसे अपने मरने के बाद किसी लम्बे काल तक जब तक कयामत न आवे ईश्वर के फैसले का इन्तज़ार में अपनी कबर के नीचे अथवा किसी और जगह पड़ा रहना पडेगा। फिर जब कयामत के बाद ईश्वर की अदालत से फैसला मिल जाएगा, तब उसे उस स्वर्ग स्थान में जगह मिलेगी, जहां वह उन के दर्बार में पहुँच कर उन के वहां के रहने वाले दूतों अर्थात् फरिश्तों के साथ उन की जय ध्वनि करके बहुत आनन्द से रहेगा। परन्तु जो लोग इस विधि से अपने पापों की क्षमा हासिल नहीं करेंगे वह सब "ईश्वर" से इनसाफ वाले दिन उस की ओर से एक ऐसे नरक कुण्ड में डाले जाने का फैसला पाएंगे, कि जहां

की आग कभी नहीं बुझनी, और वह अन न काल तक उस म मुनन ग्रार जनत रहग ।

क्षमा प्राप्ति के द्वारा नरक के दुखो से मुसलमानी मुक्ति ।

"अल्ला नामक एक आसमानी देवता समय २ म अपन बन्दो (मनुष्यो) के पास अपने रसूल भेजता रहा है, कि जो लोग तो अपनी बडी २ करामाते दिखा कर यह उपदश करते रहे हैं, कि वह लोग उसी को अपना माबूद (उपास्य) देवता मान और उसी एक की पूजा कर, और उस के भिन्न किसी और देवते को कभी कोई न मान और न उस की पूजा करें। मुहम्मद साहब उस के आखरी रसूल थे। उन्हो ने भी बडी २ करामातें दिखाई हैं। जो लोग उन्ह अपना आखरी रसूल या पैगम्बर और उन के मान हुए "अल्ला' या खुदा को अपना माबूद मानगे, उनके पापो को उनका यह देवता इन्साफ वाले दिन माफ अर्थात् क्षमा कर देगा और फिर उन्ह अपने पाप कर्म्मो का कोई फल भोगना न पडगा। उस के दरबार म हर एक मनुष्य के सार पाप तराजू स तोले जाएगे। अगर उन के तोलत वक्त सवाब (पुण्य) के मुकाबिल मे मुहम्मद साहब के विश्वासियो म स किसी के गुनाहो का पलडा भारी होगा, तो वह उस समय जब कि खुदा की अदालत म अपने विश्वासियो की शफाअत (रक्षा) के लिए मौजूद होगे, दूसर पलडे को अपना हाथ लगा देंगे, कि जिस स उन के सवाब के बोझे स वह पलडा पहले पलडे की अपेक्षा अधिक भारी हो जाएगा। इस तरकीब से उन के विश्वासियो को एक ओर सब पापो के दण्ड से मुक्ति और दूसरी ओर एक एसी 'बहिश्त" नामक जगह मे हमेशा के लिए रहने की आज्ञा मिलेगी, जहाँ पर शराब की नहरें बहती

है, स्वादगार फला के वक्ष मन फल देत रहत हैं शराब पिलान के लिए सुन्दर लडके मौजूद रहन हैं भोगन के लिए प्रत्येक विश्वासी पुरुष को बहत्तर २ हूर अर्थात् सुन्दर स्वर्गीय स्त्रिया मिलती है श्रार मान के रगन श्रौर रेशमी वपड पहनन को मिलते हैं। जाला जा लोग मुहम्मद साहब का सच्चा श्रौर श्राखरी पगम्बर न मानग वह मन के लिए एम दहकत हुए नरक म डाल जाएगे जहा की श्राग कभा नहीं बुझती श्रार वह उस मे पडे रह कर हमशा अजाब भोगेंगे, श्रार उन का इसक अजाब से कभी छुटकारा न हागा।

क्षमा प्राप्ति के द्वारा पाप कर्मों के फला मे ब्राह्म समाजी मुक्ति।

ब्राह्म समाज के लोग भी मुसलमाना की न्याइ ब्राह्म नामक एक विशेष दवता पर विश्वास करते हैं। वह कहते हैं कि जो लोग उन के इस उपास्य दवता का "दयामय" जान कर श्रौर अपन किसी पाप के लिए शोक अनुभव करके उस के फल वा दण्ड म बचने के लिए उस से "क्षमा" प्राथना करते है, उन की इस प्राथना को सुन कर वह अपने दया भाव के कारण उन के उस पाप का क्षमा कर दता है, श्रौर फिर उस पाप के लिए उन्हें कोई पानकारी फल भोगना नही पडता। उन के इस "ब्राह्म" दवता न हर एक मनुष्य के लिए यह जरूरी रखा है कि वह कभी न कभी अपन पापो से अनुतप्त होकर श्रौर उन के दण्ड मे बचने के लिए उस से क्षमा प्राथना करेगा, श्रौर फिर इस क्षमा को पाकर श्रौर पवित्र होकर उस की इच्छा को पालन करेगा। उनके विश्वास के अनुसार प्रत्येक मनुष्य ही उन के इस ब्रह्म को कभी न कभी ग्रहण करके उसका उपासक बनगा श्रौर उसका उपासक बना

मा त है। इस सत्य आत्मिक मोक्ष के भिन्न कोई और सत्य आत्मिक मोक्ष नहीं। इसलिए इस सत्य मोक्ष के ज्ञान से अन्ध रह कर जिन्हों ने एक वा दूसरे प्रकार के अपने शारारिक रोगों वा अपने सम्बन्ध में औरों वा नाना क्रियाओं से किसी प्रकार के हानि कष्टों वा पूर्णतः कल्पना मूलक मिथ्या नरकों वा मिथ्या विश्वास मूलक पुनर्जन्म के दुखों से उद्धार पाने का नाम जो आत्मिक मोक्ष समझा है, और जिन बातों का उस के अपने आत्मिक पतन वा आत्मिक नाश से कोई सम्बन्ध नहीं उन में से कोई भी सच्ची आत्मिक मोक्ष नहीं।

(२) किसी शारीरिक रोग वा कष्ट से, बेशक जहां तक सम्भव हो न केवल किसी मनुष्य की, किन्तु उस के भिन्न किसी पशु की भी उचित रूप से रक्षा होनी चाहिए। इसी प्रकार किसी और के किसी सच्चे अपराध से जहां तक किसी मनुष्य वा पशु आदि को शरीर के भिन्न कोई अन्याय मूलक हार्दिक कष्ट भी मिलता हो, उस से भी उस की उचित रूप से अवश्य रक्षा होनी चाहिए, और इसलिए अपराध मूलक नाना आघातों वा कष्टों से एक वा दूसरी सामाजिक प्रत्येक राज्य वा अन्य शासनकर्ताओं के द्वारा जन समाज की रक्षा करने के निमित्त एक वा दूसरे प्रकार की विधि प्रचलित हुई है। परन्तु नाना मनुष्यों ने सच्चे वा झूठे जो इस प्रकार दुखों से बचने का नाम आत्मा की मुक्ति रक्खा है वह सच्ची आत्मिक मुक्ति वा मोक्ष नहीं है। किन्तु सच्ची आत्मिक मोक्ष की प्राप्ति के निमित्त किसी मनुष्य का अपने नाना पाप कर्मों और अपनी विविध मिथ्याओं के विषय में घृणा उत्पादक सत्य बोधों के भिन्न कई प्रकार के हार्दिक कष्टों का अपने ऊपर लेने और उन के द्वारा उचित हानि परिशोध

ररने शुद्ध ज्ञान की आवश्यकता है। इसी प्रकार उसे अपने आत्मिक विकास के लिए भी सत्य और शुभ के प्रचार और नाना स्थाओं में अपने किसी कर्तव्य कर्म के पूरा करने, और औरों के हित के निमित्त जब उसे उस किसी के उत्पादन वा अन्य बुरे आचरणों से कोई आघात् या कष्ट वा दुःख वा यन्त्रणा मिले उस भी उसका ग्रहण करने की जरूरत है। और ऐसे नाना प्रकार के दुःखों के भिन्न किसी का धन और विद्या आदि के उपार्जन अथवा किसी शुभ अभिप्राय से देश भ्रमण वा अपने शरीर के रोग के समय उस के निवारण का किसी ऐसी ही और आवश्यकता के समय में भी अरुचिकर औषधि आदि के सेवन निमित्त कष्ट के स्वीकार करने की आवश्यकता है, न कि उन से बचने की।

अब जिन दुःखों से मोक्ष पाने के विषय में नाना प्रकार की मिथ्या गप्पें प्रचलित की गई हैं, उन के विषय में भी सुनो —

१—त्रिताप नामक नाना प्रकार के दुःखों से मुक्ति पाने का जो यह उपाय बताया गया है, कि मनुष्य इस प्रकार का अभ्यास करे, कि मेरे शरीर के जिस पेट के अंग में शूल का महा कष्ट दायक दर्द हो रहा है वह उसकी किसी हड्डी के टूट जाने वा उस पर किसी सख्त आघात् के लग जाने वा किसी मच्छर वा बिच्छू के डंक मारने से यन्त्रणा उत्पन्न हो रही है, वह शरीर मैं नहीं हूं, किन्तु मैं आत्मा हूं, तो क्या ऐसे विचार वा ऐसे किसी अभ्यास से किसी जन को अपनी कुछ भी शारीरिक पीड़ा अनुभव न होगी? वा उस अपने शरीर को भूख की तृप्ति के लिए आहार वा प्यास की तृप्ति के लिए जल के न मिलने पर क्या किसी ऐसे विचार के अभ्यास से फिर कोई कष्ट न होगा? वा जब उसे खट-मल वा मच्छर वा पिस्सू आदि काट रहे हों तो उन के ऐसा करने

न उसे कोई तकलीफ अनुभव न होगी ? इसी प्रकार यदि उस पर आकाश से ओले गिर रहे हों, तो क्या उन की चोट से उसे कोई दुख न मालूम होगा ? इन प्रश्नों के उत्तर में हमारा सदा का यह तजरबा बताता है कि इस प्रकार के किसी कष्ट वा किसी यन्त्रणा वा किसी और दुख की थोड़ी वा बहुत अनुभूति से हम उस समय तक बच ही नहीं सकते, जब तक हम पूर्णतः अचेत वा बेहोश न हो जाएं क्योंकि, यद्यपि आत्मा शरीर नहीं है, तथापि वह शरीर के साथ इतना गहरा जुड़ा हुआ है, और उस की स्नायविक प्रणाली के साथ खास कर उस का इतना गहरा सम्बन्ध है कि जब तक उस प्रणाली का कोई अंश भी जिस के द्वारा आत्मा को कोई सुख वा दुख अनुभव होना हो, अपनी उस बोध दायिनी शक्ति के विचार से पूर्णतः भुग्न वा नष्ट न हो जाय, तब तब वह उस के द्वारा सुख वा दुख की अनुभूति से बच नहीं सकता। यदि किसी ऐसी विधि से दुख की निवृत्ति सम्भव होती, तो मनुष्य को फिर किसी प्रकार की शारीरिक चिकित्सा की आवश्यकता न होती, और वैद्य वा हकीम वा डाक्टर आदि का कोई व्यवसाय दिखाई न देता, और किसी हास्पीटल वा औषधालय आदि का कहीं अस्तित्व न होता।

२—यदि वेदान्त मत के अनुसार इस प्रकार के विश्वास से कि यह जगत् मिथ्या वा भ्रम है और एक "ब्रह्म" ही सत्य है, (जब कि वास्तव में यह जगत् वा विश्व वा नेचर ही सत्य है और "ब्रह्म" विषयक विश्वास पूर्णतः मिथ्या है) मनुष्यों के सब प्रकार के दुखों की निवृत्ति हो सकती होती, तो कम से कम वेदान्त मत के साधु वा स्वामी वा संन्यासी आदि कहलाने वाले जन भूख के समय मिथ्या जगत् की मिथ्या रोटी को खाकर और जगत् के

मिथ्या जल को पीकर उन के द्वारा अपने भीतर सच्ची शांति न पा सकते और न पाते ? और यदि सत्य रोटी के स्थान में मिथ्या रोटी के खाने से ही शांति मिलती होती और शरीर में रुधिर की उत्पत्ति होती होती, तो वह औरों से उसकी भीख मांगने की बजाय मट्टी खाकर कि जो हर जगह मिल सकती है अपना निर्वाह क्यों न करते ? क्योंकि, वह वेदान्ती बन कर और कहला कर भी अपने आत्मा में अनाज की सत्य रोटी और मिट्टी की (अनाज विहीन) मिथ्या रोटी में जो सच्चा अन्तर है, उसे अवश्य भली भांति अनुभव करते हैं। इस के भिन्न ऐसा कौन सा वेदान्ती है कि जिस पर यदि डण्डों की मार पड़ती हो, वा जिस पर ओलों की वर्षा होती हो, वा जिस के हाथ आग में डाले गए हों वा जिसे मच्छर या पिस्सू काट रहे हों, तो उसे ऐसी दशा में कुछ कष्ट अनुभव न हो ? कोई नहीं। क्योंकि कोई जन भी अपने शरीर में स्नायु जाल के वर्तमान रहने और आप होश की हालत में होने पर, नेचर के नियमानुसार कम वा ज्यादा दुःख अनुभव करने के बिना रह नहीं सकता।

३—फिर पुनर्जन्म विषयक दुःखों से मुक्ति के विषय में जो नाना प्रकार की गप्पें प्रचलित हो गई हैं, सो जैसा कि इसमें पहले बताया जा चुका है, जब पुनर्जन्म विषयक यह विश्वास ही पूर्णतः मिथ्या है कि मनुष्य अपने स्थूल शरीर के त्याग करने पर किसी और स्थूल शरीर के साथ मनुष्य वा पशु आदि के रूप में इसी पृथ्वी में जन्म लेता है, तब उस से मुक्ति पाने के क्या माने ? कुछ भी नहीं।

४—फिर "पुनर्जन्म" के मिथ्या विश्वास पर स्थापित उस के दुःखों से मुक्ति पाने के लिए जिन नाना केशों वा रहित केशों रखने और कई प्रकार के तिलक और वस्त्र और कई प्रकार की

मानाए और अन्य चिह्न धारण करने वा किसी मूर्ति के दर्शन वा फल फूल धूप दीप नवैद्य और भेंट आदि के द्वारा उस की पूजा करने अथवा नाना नदियों, भीलों, सोतों, कुण्डों, बावलियों कूपों वा तलाबों आदि में स्नान वा उन का जल पान करने वा उन में से किसी में किसी मर हुए जन के स्थूल शरीर की हड्डियों के डालने, वा किसी देश वा उस स्थान में मरने, वा कहीं भी मरने के समय किसी नाम के उच्चारण वा मन्त्र आदि के जप करने वा किसी के मरने के बाद उसके नाम से किसी कहलाने वाले तीर्थ स्थान में पिंड दान तर्पण करने और एक विशेष श्रेणी के लोगों को भोजन खिलाने और उन्हें दान देने आदि गप्पों का प्रचार किया गया है ऐसी सब गप्पें पुरोहित श्रेणी के नाना जनों ने औरों का धन अपहरण करने के लिए अपनी २ ओर से घड़ी और फैलाई हैं। इसी प्रकार पशुओं की बलि के द्वारा मुक्ति पाने का मांस भोजी "देवता" वा जनों ने प्रचार किया है और मांस मदिरा और मधु आदि के सेवन के द्वारा मुक्ति मिलने की शिक्षा उन में सवी जनों वा देवता ने दी है और ऐसा करके उन सब ने ही अपने और औरों के पाप कर्मों और आत्मिक अन्धकार और अज्ञान को उलटा और भी बहुत बढ़ाया और उन्हें पतित बनाया है।

इस से आगे चल कर वह सब गप्पें जो लार्ड गार्ड वा अल्ला वा अकाल पुरुष वा ईश्वर वा ब्रह्म आदि किसी कहलाने वाले देवता से पापों से क्षमा प्राप्ति के विषय में प्रचलित की गई हैं, उन के सम्बन्ध में प्रथम तो यह कहना ही यथेष्ट है कि जब ऐसे किसी देवता का अस्तित्व ही मिथ्या कल्पना के भिन्न और कुछ नहीं, तब फिर उससे क्षमा चाहने और क्षमा लाभ करने के ही कुछ मानी नहीं।

फिर यदि हम युक्ति देने के लिए कुछ देर के लिए यह मान लें, कि गाड वा ईश्वर वा अल्ला वा ब्रह्म आदि कहलाने वाला देवता कोई सच्चा अस्तित्व भी रखता है, और वह किसी स्वर्ग नामक स्थान में भी रहता है और वहाँ से उस ने इस पृथ्वी पर अपनी ओर से जो कहलाने वाले नाना पैगम्बर आदि भेजे हैं वह सब हमारी स्थूल पृथ्वी में जन्म लेने से पहले नेचर के नियम के विरुद्ध किसी और तरह से पैदा होकर और पल कर और बड़े होकर स्वर्ग में ही उस के साथ रहते थे, और उन्हें उसने यहाँ इस लिए भेजा था कि वह लोगों को यह बतावें और सिखावें, कि वह इस २ प्रकार के विश्वास करने पर वह उन्हें उनके पापों से मुक्ति दे सकता है, तो भी वह जब कि उसी गाड वा अल्ला वा खुदा वा ईश्वर ने अपने जिन २ पैगम्बरों और ऋषियों आदि के द्वारा अपनी पुस्तकें भेज कर उन में अपने विषय में जो हाल बताया है, उस से जब कि उस का मनुष्य के आत्मा के गठन प्राप्त रूप और उस के रोगों और उस के पतन और विकास और इसीलिए सत्य धर्म्म के सम्बन्ध में एक ओर पूर्णत अज्ञानी और दूसरी ओर कई प्रकार के पापों का शिक्षक और कर्ता होना प्रमाणित होता है, तब उसे पहले अपने अज्ञान और अपने पापों से मोक्ष पाने की आवश्यकता है। और ऐसा कोई रचना जो आप सत्य धर्म्म के तत्वों से अजाना और अपने नाना प्रकार के कर्म्मों के विचार से आप महा पापी हो वह अपनी अपेक्षा किसी और कम पापी को कैसे मोक्ष दे सकता है ?

इस के भिन्न क्या यह सच्च नहीं कि उसने 'सर्वज्ञ' कहला कर भी जिन ऋषियों वा मुनियों वा पैगम्बरों वा नबियों वा

अपन किसी अवतार वा किसी विशेष पुत्र आदि के द्वारा पापा मे मोक्ष के विषय म जो शिक्षाए दी है, वह सब एक प्रकार की नहीं, किन्तु भिन्न २ है, और कितनी ही उन मे से एक दूसरे से पूर्णत विरुद्ध है ' इसलिए उस का ऐसी भिन्न २ और कई स्थाओं म एक दूसर की विरुद्ध शिक्षाओ के विश्वासी उन शिक्षाओ को लेकर आपस म लडत और झगडत रहत हैं, और एक सम्प्रदाय के लोग अपन मोक्ष विषयक विश्वास को सच्चा और दूसर के मोक्ष विषयक विश्वास को झूठा बताते रहते है, और उन के ईश्वर वा अल्ला वा खुदा वा ब्रह्म कहलान वाले देवता साहब किसी कहलान वाले स्वर्ग मे बैठे हुए अथवा उन म से किसी के विश्वास के अनुसार सब जगह वर्तमान रहकर उन म इस प्रकार की फूट वा लडाई पैदा करके उस का तमाशा देखन के द्वारा अपना स्वर्गीय आनन्द लाभ करते रहते है ? फिर यदि यह सब एक ही "सच्चा" कहलाने वाले पुरुष की ओर से दिए गए हैं, तो वह भिन्न २ और उन म से कितने ही एक दूसरे के विरुद्ध क्या होते ? इसलिए यह कहना कि वह किसी भी "सच्चा" द्वारा वा ओर से दिए वा बताए गए है, मिथ्या गप्प के भिन्न और कुछ भी नहीं।

फिर यह भी सोचने की बात है कि यदि यह कल्पना की जाय कि उस के कहलान वाले सच्चा पुरुष के सामन कई सम्प्रदाय के पापी खड़े हुए हैं जिन म स कुछ अपन आप को उस के इकलौते पुत्र का विश्वासी बतात हैं कुछ अपन आप को उस के किसी पैग़म्बर का, कुछ उसके किसी कहलान वाले आखरी पैगम्बर का, और कुछ अपन आप को उसके साक्षात् दर्शन और पूजा कर्ता भक्त, और कुछ उस के किसी हिंदु अवतार के विश्वासी और उस के नाम के

फिर यदि हम मुक्ति पाने के लिए कुछ देर के लिए यह मान भी लें कि गाड या ईश्वर या अल्ला या ब्रह्म आदि कहलाने वाला देवता कोई सच्चा अस्तित्व भी रखता है, और वह किसी ख़ास नामक स्थान में भी रहता है और वहाँ से उस ने इस पृथ्वी पर अपनी ओर से जो रसूल या नाना पैग़म्बर आदि भेजे हैं वह सब हमारी स्थूल पृथ्वी में जन्म लेने से पहले ईश्वर के नियम के विरुद्ध किसी और तरह से पैदा होकर और फिर कर भार रहे होकर स्वर्ग में ही उस के साथ रहते थे, और उन्हें उसने यहाँ इस लिए भेजा था कि वह लोगों को धर्म बतावें और सिखावें, कि वह इस २ प्रकार के विश्वास करने पर वह उन्हें उनके पापों से मुक्ति दे सकता है, तो भी वह जब कि उसी गाड या अल्ला या खुदा या ईश्वर ने अपने जिन २ पैग़म्बरों और ऋषियों आदि के द्वारा अपनी पुस्तक भेज कर उन में अपने विषय में जो हाल बताया है उस से जब कि उस का मनुष्य के आत्मा के गठन प्राप्त रूप और उस के रोगों और उस के पतन और विकास और इसीलिए सत्य धर्म्म के सम्बन्ध में एक ओर पूर्णतः अज्ञानी और दूसरी ओर कई प्रकार के पापों का शिक्षक और कर्ता होना प्रमाणित होता है, तब उसे पहले अपने अज्ञान और अपने पापों से मोक्ष पाने की आवश्यकता है। और ऐसा कोई देवता जो आप सत्य धर्म्म के तत्वों से अज्ञानी और अपने नाना प्रकार के कर्म्मों के विचार में आप महापापी हो, वह अपनी अपेक्षा किसी और कम पापी को कैसे मोक्ष दे सकता है ?

इस के भिन्न क्या यह सच नहीं, कि उसने "सर्वज्ञ" कहलाकर भी जिन ऋषियों वा मुनियों वा पैग़म्बरों वा नबियों वा

अपने किसी अवतार वा किसी विशेष पुत्र आदि के द्वारा पापों से मोक्ष के विषय में जो शिक्षाएं दी हैं, वह सब एक प्रकार की नहीं, किन्तु भिन्न २ हैं, और कितनी ही उन में से एक दूसरे से पूर्णतः विरुद्ध हैं ? इसीलिए उस को ऐसा भिन्न २ और कई दशाओं में एक दूसरे की विरुद्ध शिक्षाओं के विश्वासी उन शिक्षाओं के लिए आपस में लड़ते और झगड़ते रहते हैं और एक सम्प्रदाय के लोग अपने मोक्ष विषयक विश्वास को सच्चा और दूसरे के मोक्ष विषयक विश्वास को झूठा बताते रहते हैं और उन के ईश्वर वा अल्ला वा गुरु वा ब्रह्म कहलाने वाले देवता साहब किसी कल्पित वाने स्वर्ग में बैठे हुए अथवा उन में से किसी के विश्वास के अनुसार सब जगह वर्तमान रहकर उन में इस प्रकार की फूट वा लड़ाई पैदा करके उस का तमाशा देखने के द्वारा अपना स्वर्गीय आनन्द लाभ करते रहते हैं ? फिर यदि यह सब मत एक ही "सच्चा" कहलाने वाले पुरुष की ओर से दिए गए होते, तो वह भिन्न २ और उन में से कितने ही एक दूसरे के विरुद्ध क्यों होते ? इसलिए यह कहना कि वह किसी भी "सच्चा" पुरुष की ओर से दिए वा बनाए गए हैं मिथ्या गप्प के भिन्न और कुछ भी नहीं।

फिर यह भी सोचने की बात है कि यदि यह कल्पना की जाय कि उस के कहलाने वाले सच्चे पुरुष के सामने कई सम्प्रदाय के पापी खड़े हुए हैं जिन में से कुछ अपने आप को उस के इकलौते पुत्र का विश्वासी बताते हैं कुछ अपने आप को उस के किसी पैग़म्बर का, कुछ उसके किसी कहलाने वाले आख़री पैग़म्बर का, और कुछ अपने आप को उसके साक्षात् दर्शन और पूजा कर्ता भक्त ... कुछ उस के किसी हिन्दु अवतार के विश्वासी और उस के

जप कर्ता और कुछ अपने आप को गंगा माई के स्नान और जल पान कर्ता, आदि बता कर यह कहते हो, कि हम तो तेरी ही दी हुई शिक्षा के विश्वासी रहे हैं, तब ऐसी दशा में क्या वह उन सब को अपने कहलाने वाले स्वर्ग में जगह देगा या उनमें से कुछ को? यदि कुछ को, तो किन २ को और क्यों? और क्या किसी ऐसे ख्याली दरबार के समय वहां उसके कहलाने वाले एक पैगम्बर की किसी दूसरे पैगम्बर या उस के किसी पैगम्बर की उस के कहलाने वाले किसी विशेष पुत्र, या केवल "राम" या "हरी" नाम के जप उच्चारण या गंगा जल के पान से मुक्ति का उपदेश देने वाला आदि २ के साथ लड़ाई शुरू न हो जाएगी, और उन में से हर एक ही चिल्ला २ कर यह न कहेगा, कि ए "सच्चन शिक्षक" मैंने तो तेरी ही बताई हुई शिक्षा का प्रचार किया है, और तेरे भिन्न किसी और की शिक्षा का नहीं, इसलिए तू मेरे सम्प्रदाय के लोगों को ही स्वर्ग में भेज, और दूसरों को उस में न भेज, किन्तु नरक में डाल? ऐसी अपील के समय "सच्चन" देवता जी किस को अपना भेजा हुआ दूत और अपनी शिक्षा का प्रचारक मानेगे और किस को नहीं?

इस के सिवाय यह बात भी विचार के योग्य है कि जिस जिस मनुष्य ने जिस २ अन्य मनुष्य के सम्बन्ध में जो २ पाप वा अपराध किए हों और उन के द्वारा उस ने उन के धन वा स्वास्थ्य वा बल वा सुख या उनकी सम्पत्ति वा शान्ति आदि की जो २ कुछ हानि की हो, और अपने इस नीच कर्मों के द्वारा उस ने नेचर के अटल नियमानुसार अपने आत्मा का जिस २ प्रकार का भयानक पतन किया हो, उस का क्या यह पतन 'सच्चन' कहलाने वाले देवता के ऐसा कह देने से कि "जाओ मैंने तुम्हारे सब पाप क्षमा कर दिए' दूर हो सकता है? क्या किसी आत्मा का कोई पाप

वा उसका कोई रोग वा अपने विषय में अज्ञान किसी के द्वारा माफ हो जाने की चीज़ है ? कदापि नहीं । क्योंकि नेचर में किसी शक्ति का कोई गति वा क्रिया अपना असर वा फल उत्पन्न करने के बिना नहीं रहती ।

फिर जिस के सम्बन्ध में जिस किसी जन की ओर से जिस पाप के द्वारा जो २ हानि की गई है उस हानि प्राप्त जन को किसी एक "सज्जन" पुरुष की ओर से उस के किसी हानि कर्ता को क्षमा देकर छोड़ देने और इस से भी बढ़कर उस 'स्वर्ग' के सुखों का भागी बना देने से कौन सा न्याय वा इन्साफ मिल सकता है ? कोई भी नहीं । कल्पना करो कि राम ने श्याम के पास पांच हज़ार रुपए अमानत में रक्खे थे वा उसे उधार दिए थे और श्याम ने बेईमान बन कर उस के वह रुपए दबा लिए हों, और उसके बार २ मांगने पर भी वापिस न दिए हों, और बरक्त अली अपने पड़ोसी मुहम्मद बख़्श नामक एक जन की बेटी को भगाकर ले गया हो, और उस ने उसे किसी कंजरी के पास बेच दिया हो, और टामस ने अपने नौकर से खफा होकर अपनी बन्दूक से गोली मार कर उसकी हत्या कर दी हो और ईश्वर वा अल्ला वा खुदा वा गाड जो ने किसी पैगम्बर आदि की सिफारिश को मान कर उन के इन पापों के विषय में क्षमा देकर उलटा उन्हें अपने स्वर्ग में भेज दिया हो, तो क्या उस का ऐसा फैसला न्याय के अनुसार वा न्याय संगत कहा जा सकता है ? कदापि नहीं । क्योंकि जो रुपया राम ने श्याम के पास अमानत रक्खा था वा उसे उधार दिया था उस के लेने वा छोड़ देने वा माफ कर देने का राम को तो अवश्य अधिकार था, लेकिन ईश्वर वा अल्ला आदि जो कहलाने वाले किसी देवता साहब को उसे के माफ करने का न्याय मूलक

कोई अधिकार नहा हो सकता ? इसी प्रकार जिस किसी पाप से जिस किसी जन या काई और हानि हुई हो, वह उस यदि किसी कारण से वरदाश्त कर ले, और उस किसी मजिस्ट्रेट या जज से किसी राज विधि के द्वारा सजा न दिलवाए, और उस इस प्रकार के बिना दण्ड के निकलवा न जाने दे, वा माफ कर दे, तब तो उस के कुछ अवश्य मानी हो सकते हैं, किन्तु किस, न्याय कर्ता मैजिस्ट्रेट या जज को अपने आप या किसी की सिफारिश आदि से उस छोड़ देने का कदापि अधिकार नहीं हो सकता। इसलिए उन किसी सम्बन्ध देवता या किसी की सिफारिश या अपनी हि किसी प्रेरणा के वशीभूत होकर किसी सच्चे पापों या अपराधी को क्षमा देकर दण्ड से बरी कर देना कभी भी न्याय सगत या इन्साफ में दाखिल नहीं हो सकता। और किसी इस अन्याय युक्त फैसल को करने वाला कोई भी न्याय परायण पुरुष नहीं कहा जा सकता। इसीलिए पापों के सम्बन्ध में किसी देवता से क्षमा प्राप्ति की यह शिक्षा भी मुक्ति विषयक अन्य मिथ्या गप्पों की भांति पूर्णतः मिथ्या है।

दूसरा परिच्छेद।

आत्मिक विकास और उस की नितान्त आवश्यकता।

प्रश्न। आत्मा की निर्म्माणकारी शक्ति के विकसित करने से क्या मुराद है ?

उत्तर। नेचर के प्रत्येक विभाग में रात दिन जो अविच्छिन्न परिवर्तन जारी है उस परिवर्तन से जो अस्तित्व पहले की अपेक्षा बिगड़ते जाते हैं, उन का यह परिवर्तन पतन वा ध्वंस वा विनाशकारी परिवर्तन कहलाता है और जो अस्तित्व पहले की अपेक्षा श्रेष्ठ बनते जाते हैं उन का यह परिवर्तन निर्म्माण वा विकासकारी परिवर्तन कहलाता है। नेचर का पहला कार्य्य पतन वा विनाशकारी और दूसरा कार्य्य निर्म्माण वा विकासकारी कार्य्य कहलाता है। अब यदि तुम इन दोनों विनाश और विकास विषयक महा सत्यों को देख और पहचान सको, तो तुम्हें मालूम हो जाएगा, कि मनुष्य के प्रति नेचर की सत्य शिक्षा यह है —

"ऐ मनुष्य! यदि तू अपनी उन शक्तियों के द्वारा परिचालित होगा कि जो पतन कारी हैं तो तू चाहे किसी भी कहलाने वाले देवता वा नबी वा ईश्वर वा परमेश्वर वा ब्रह्म वा कृष्ण वा ब्रह्मा वा अकाल पुरुष आदि वा किसी भी धर्म मत का विश्वासी हो और तू धर्म के नाम से चाहे जिस प्रकार की और क्रियाएं करता हो, तेरा पतन अनिवार्य्य है। न दुष्कारी शक्तियों के

अधीन रहकर और उन के महा भयानक दुखो और अन्य फलो को भोग कर और उन के द्वारा अपनी निर्म्माणकारी शक्ति को खोकर एक दिन अपने अस्तित्व के विचार से ही पूर्णत नष्ट हो जाएगा। परन्तु यदि एक ओर तू अपनी पतनकारी गतिया से सत्य मोक्ष लाभ करने के योग्य हो सके, और दूसरी ओर मेरे निर्म्माण वा विकासकारी कार्य्य के लिए अपनी शारीरिक और मानसिक प्रत्येक शक्ति और धन सम्पत्ति आदि अपने प्रत्येक पदार्थ को अर्पण कर सके, तो तू अपनी ऐसी गति से मेरे निर्म्माण वा विकासकारी कार्य्य मे जहा तक सहायक वा सेवाकारी होगा, वहाँ तक तू अपनी निर्म्माणकारी शक्ति को उन्नत वा विकसित करने के योग्य बनेगा। फिर तुझे यह भी भली भांत मालूम रहे, कि तू अपनी भ्रान्ति से जिस शरीर वा अन्य जिस किसी पदार्थ को "अपना" समझता है, उन मे से कोई भी वास्तविक तेरा नही है। उन सब का प्रकाश मुझ से हुआ है। वह सब कुछ मेरा है और मुझ से प्रगट हुआ है। यदि तू ने अपने अज्ञान वा नीच रागो के वशीभूत होकर उन को मेरे निर्म्माण वा विकास कार्य्य के लिए अर्पण न किया, तो उन सब के द्वारा तेरी और तेरे द्वारा अन्य अस्तित्वो की जो कुछ भलाई हो सकती थी, एक ओर वह न होगी, और दूसरी ओर तू आप भी पतनकारी गतिया मे पडा रहकर और गल सड कर एक दिन पूर्णत नष्ट हो जाएगा। अब यह तेरे लिए है कि चाहे तू मेरे ध्वस वा विनाशकारी कार्य्य का साथी बन कर औरो को बिगाड और नष्ट कर, और आप भी बिगड और नष्ट हो, और चाहे मेरे निर्म्माण वा विकासकारी कार्य्य का साथी बन, और उस मे औरो को श्रेष्ठ बना और आप भी श्रेष्ठ बन।

प्रश्न। औरों को श्रेष्ठ बनाने से क्या तात्पर्य है ?

उत्तर। नेचर के किसी जगत् के अस्तित्वों के आकारों वा उनकी आन्तरिक प्रकृतियों को पहले की अपेक्षा उत्तम बना देना उन्हें श्रेष्ठ बनाने का कार्य्य कहलाता है।

प्रश्न। इस प्रकार का शुभ कार्य्य कोई मनुष्य कब कर सकता है ?

उत्तर। जब कि उस के आत्मा में औरों के भले के लिए किसी प्रकार के शुभ वा उच्च भाव की जाग्रति और उस की यथेष्ट रूप से उन्नति हो चुकी हो।

प्रश्न। जो मनुष्य आप स्वार्थ वा सुख परायण हो और अपने नाना नीच अनुरागों और अपनी नाना नीच घृणाओं की तृप्ति वा तुष्टि करके सुख वा रस लाभ करने के पीछे पागल बना हुआ हो, और अपने सुखों की प्राप्ति के लिए विविध प्रकार से औरों का अहित वा अशुभ वा उन की हानि करने के लिए तयार रहता हो, और जिस के आत्मा में अपने नीच स्वार्थ से शून्य किसी और की कुछ भी विशुद्ध भलाई करने के लिए किसी प्रकार की कोई आकांक्षा वर्तमान न हो उस के आत्मा में किसी और के हित के लिए अपने सुख, आराम, धन पदार्थ तन और मन आदि के अर्पण करने के लिए कोई पर हित उत्पादक उच्च भाव वा उच्च अनुराग क्योंकर उत्पन्न हो सकता है ?

उत्तर। यदि एक ओर उस के आत्मा में किसी ऐसे उच्च भाव वा उच्च अनुराग के उत्पन्न और उन्नत होने की कोई जन्म जात योग्यता वर्तमान हो और दूसरी ओर उसे जाग्रत और उन्नत

करने के लिए जिस प्रकार की शक्ति की आवश्यकता है, उस के प्रभाव उस तक पहुंच सकें तो नेचर के अटल नियम के पूरा होने पर उस के आत्मा में एक वा दूसरे प्रकार का कोई उच्च भाव अवश्य प्रस्फुटित और उन्नत हो सकता है। इस समाज में ऐसे कितने ही आत्मा हैं कि जिन के आत्माओं में इसी विधि से इस प्रकार के एक वा दूसरे उच्च भाव की एक वा दूसरी सीमा तक उत्पत्ति और उन्नति हुई है।

प्रश्न। क्या किसी मनुष्य में अपने तौर पर भी किसी प्रकार के उच्च भाव का प्रकट रूप में प्रकाश हो जाता है?

उत्तर। हां किसी २ जन में दया वा सहानुभूति आदि विषयक किसी २ पर हित उत्पादक उच्च वा सात्विक भाव का स्वभाव जात भी प्रकाश हो जाता है परन्तु किसी ऐसे जन में आत्म प्रकाशक और सत्य धर्म्म विषयक ज्ञान प्रदायक वह सर्वोच्च और सब श्रेष्ठ ज्योति और आत्म मोक्ष दायक और अन्य विविध उच्च भाव विकासक वह सर्वोच्च और सब श्रेष्ठ तेज नहीं होता, कि जिस का देवात्मा में उस की देव शक्तियों की विशेषता के कारण प्रकाश हुआ है।

प्रश्न। तब क्या नेचर के विकासकारी कार्य्य में सहायक बनने और उस के द्वारा अपने आत्मा की निर्म्माणकारी शक्ति की उन्नति करने के लिए पर हित वा पर सेवा विषयक विविध प्रकार के उच्च भावों का अपने आत्मा में उत्पन्न और उन्नत करना प्रत्येक आत्मा के लिए नितान्त आवश्यक है?

उत्तर। हां, निश्चय। प्रत्येक ऐसे आत्मा में पर हित

उत्पादक माना उच्च भावों वा उच्च अनुरागों का उत्पत्ति और उन्नति की नितान्त आवश्यकता है कि जिस में उन के उत्पन्न वा उन्नत होने की कुछ भी जन्म जात योग्यता वर्तमान हो।

प्रश्न। नेचर के विविध जगतों के परस्पर के सम्बन्ध में जो निम्माणकारी कार्य्य हो रहा है, उस के द्वारा क्या २ शुभ फल उत्पन्न होते हैं ?

उत्तर। एक ओर जो २ अजीवित और जीवित अस्तित्व जहां तक श्रेष्ठ वा उत्तम बन सकते हैं वहां तक वह श्रेष्ठ वा उत्तम बनते हैं, और दूसरी ओर प्रत्येक जगत् में जो २ अस्तित्व जहां तक उत्तम बनते जाते हैं वहां तक उन में उच्च मेल स्थापित और उन के परस्पर का नीच अमेल दूर होता जाता है।

प्रश्न। नेचर के विविध जगतों के परस्पर अमेल से क्या मुराद है ?

उत्तर। नेचर में सौर जगत् के निम्माण हो चुकने पर पृथ्वी के विकास क्रम में वह समय आता है जब कि उस में उसकी अजीवित शक्तियों में से कुछ शक्तियां श्रेष्ठ बनते २ जीवित दशा में पहुंच जाती हैं, परन्तु वह किसी जीवित शरीर के निम्माण करने के योग्य नहीं होतीं। फिर इन जीवित शक्तियों में से कुछ शक्तियां विकसित होकर ऐसी दशा में पहुंच जाती हैं कि वह अपने लिए एक "सेल" के अत्यन्त निम्न श्रेणी के जीवित शरीरों के निम्माण और पालन करने की योग्यता लाभ करती हैं। फिर इन एक सेल को निम्माणकारी जीवनी शक्तियों में से कितनी ही जीवनी शक्तियां उन्नत होकर एक सेल से अधिक

कई जीवित मल विशिष्ट आकारो के बनाने और पालन करने की योग्यता को प्राप्त होता हैं। इसी विकास के क्रम में जो २ जीवनी शक्तियां जहां २ तक धीरे २ श्रेष्ठ बनने की योग्यता लाभ करती जाती हैं, वहां २ वह अपने लिए श्रेष्ठ कोटि के शरीर बनाने की योग्यता को भी प्राप्त होती जाती हैं। इन्हीं शरीर निर्माणकारी जीवनी शक्तियों से उद्भिद् और पशु जगत् के हजारों भिन्न २ प्रकार के अस्तित्वों की उत्पत्ति हुई है। फिर पशु जगत् में उस की इसी उन्नति के क्रम में मनुष्य के अस्तित्व का प्रकाश हुआ है, और फिर उस से मनुष्य जगत् बना है।

अब सौर जगत् के साथ उद्भिद् पशु और मनुष्य जगतों को मिला कर नेचर में से जो चार जगत् प्रगट हुए हैं, वह सब आपस में एक दूसरे के साथ जुड़े हुए हैं, और वह एक दूसरे के साथ बहुत गहरा सम्बन्ध रखते हैं।

भौतिक जगत् के कई प्रकार के पदार्थों यथा कार्बन, आक्सीजन, हाईड्रोजन और नाईट्रोजन और कुछ २ मात्रा में अन्य पदार्थों को लेकर साधारणतः सब जीवित शरीर बने हैं। इसलिए कोई शरीर निर्माणकारी जीवनी शक्ति चाहे वह उद्भिद् जगत् की हो, चाहे पशु वा मनुष्य जगत् की, इन जड पदार्थों के बिना अपने लिए कोई जीवित शरीर निर्माण नहीं कर सकती। इसी प्रकार कोई जीवित शरीर आहार, जल वायु ताप और ज्योति के बिना जीवित नहीं रह सकता। इसलिए उस क्या अपने बनने और क्या बन कर जीवित रहने के लिए सूर्य्य के ताप और उस की ज्योति, जल, वायु और कई प्रकार की आहारीय वस्तुओं की जरूरत होती है। फिर उद्भिद् जगत् भौतिक जगत् के बिना जीवित नहीं रह सकता। और पशु और मनुष्य जगत् के जीव

उद्भिद् जगत् के बिना जीवित नहीं रह सकते। जब तक कि पशु जगत् में जो जीव मांसाहार के द्वारा जीते हैं, वह भी अपने जीने के लिए जिन जीवों का मांस भक्षण करते हैं, वह जीव उद्भिद् के आसरा पर आसरे जीते हैं। इस प्रकार नेचर के यह चारों जगत् एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। मनुष्य जगत् को अपने जगत् के भिन्न शेष तीनों जगतों की आवश्यकता है, और वह सभी उसके बहुत निकट के सम्बन्धी हैं इतने निकट के सम्बन्धी कि वह उन से अपना सम्बन्ध काट कर किसी तरह जी नहीं सकता।

अब हमें यह देखना है कि क्या इन चारों जगतों में परस्पर कई प्रकार के मेल के भिन्न किसी प्रकार का कोई अमेल भी पाया जाता है? यदि पाया जाता है, तो किस २ प्रकार का?

सब से पहले हम मनुष्य जगत् की ही नाना जातियों और उस के नाना सम्प्रदायों और नाना वर्णों और नाना वंशों के मनुष्यों को सम्मुख लाते हैं, और देखना चाहते हैं कि क्या वह सब एक दूसरे के साथ मेल की अवस्था में हैं? इस प्रश्न के उत्तर में हमें कहना पड़ता है कि "नहीं"। मनुष्य जगत् के लोग अपने २ नीच अनुरागों और अपनी २ नीच घृणाओं के द्वारा एक दूसरे के लिए नाना प्रकार से हानिकारक बन कर अमेल की दशा में हैं। वह एक दूसरे के अधिकारों या हक्क को एक वा दूसरी विधि से छीन रहे हैं। वह एक दूसरे को अपने विविध प्रकार के पाप कर्मों के द्वारा सता रहे हैं, और एक दूसरे की शान्ति को भंग कर रहे हैं। यदि उन के परस्पर के सम्बन्ध में उन के नाना प्रकार के अपराधों या दुष्ट कर्मों को, जहां तक सम्भव हो दबाए रखने के लिए एक वा दूसरे प्रकार की कोई "गवर्नमेंट"

ना "शासन विधि' न हो, तो वह पर दूसरे के लिए और भी जितने अंश बढ़ चढ़ कर दुखदाई और हानिकारक बन गया है उस का अनुमान किया जा सकता है। फिर इसी मनुष्य जगत् के नाना मनुष्यों का अपने से नीचे के जगतों के नाना अस्तित्वों के साथ जैसा कुछ महा भयानक सम्बन्ध पाया जाता है, उस को भी हम अपने सम्मुख ला सकते हैं। नाना मनुष्य पशु जगत् के जीवों को अपनी हिंसा भाव की तृप्ति के लिए अथवा उन का मांस खाने के लिए अथवा उन की शारीरिक विविध वस्तुओं को काम में लाने के लिए या "ईश्वर' या किसी अन्य देवता या देवी की बलि देने के लिए उन की जिस प्रकार से हत्या करते हैं, और अपने कौतुक या किसी कुसंस्कार या क्रोध या प्रतिशोध आदि भावों के वशीभूत होकर जिस २ प्रकार उन पर और अत्याचार करते हैं, और लाखों लोग उन के पालन में अपना मूर्खता या कर्त्तव्य बोध विहीनता के कारण उन्हें जिस २ प्रकार सताते और हानि पहुँचाते हैं, उन की यह सब नीच क्रियाएं उन के और पशुओं के परस्पर के सम्बन्ध में अमेल की दशा का साक्षात् प्रमाण है।

इसी तरह बिना उचित कारण के नाना मनुष्य विविध प्रकार के पौदों या वृक्षों या उन की शाखों या उन के पत्तों या उन की कलियों या उन के फूलों और फलों आदि को तोड़कर अथवा पौदों का पालन कर और सामर्थ्य रखने पर भी उन की विविध प्रकार की आवश्यक देख भाल और रक्षा न करके उन को जिस २ प्रकार से हानि करते हैं, और लाखों लोग अपने २ घरों, उन की दीवारों उनके फर्श, उन की छतों, उन की मोरियों

न हो ?

उत्तर। बेशक। ऐसी अवस्था है, और उस में ऐसी अवस्था का होना लाज़मी भी है।

प्रश्न। क्यों कर।

उत्तर। नेचर के अच्छिन्न परिवर्तन चक्र में जैसे उस के प्रत्येक जगत् में से नाना अस्तित्व पतित दशा को प्राप्त होकर उन्नति वा विकास के पथ पर नहीं चल सकते, वैसे ही उन में से जो २ अस्तित्व जहां २ तक अधिक से अधिक उन्नत वा विकसित होने की योग्यता रखते हैं वहां २ तक वह उन्नत वा विकसित होकर एक दूसरे के सम्बन्ध में कम हानिकारक और अप वा अधिक हितकर वा सेवाकारी बन कर अमेल से निकल कर अपेक्षाकृत मेल की अवस्था को ग्रहण करते हैं। यह क्रम कभी बंद नहीं होता, क्योंकि नेचर में परिवर्तन का कार्य्य अच्छिन्न है इसलिए उस के इस निर्माण वा विकासकारी कार्य्य में एक ऐसी अवस्था वा मंजिल का होना ज़रूरी है, कि जिस में उस के चारों जगतों के वह सब अस्तित्व जो इस मंजिल में पहुंचने की योग्यता रखते हों, वह एक दूसरे के लिए अपनी प्रत्येक क्रिया के विचार में पूर्णतः हितकर वा सेवाकारी बन जावें, और आपस में पूर्ण मेल की अवस्था ग्रहण करें, और इस पूर्ण मेल की अवस्था में एक दूसरे के भावी विकास के पथ में सहायक बनें।

प्रश्न। ऐसे मेल प्राप्त लोकों में तो बहुत कम संख्या में वृक्ष, पशु और मनुष्य पहुंचते होंगे।

उत्तर। निश्चय, परन्तु नेचर में यह उस का निर्म्माण वा विकासकारी कार्य्य और उसके द्वारा उस के सारा जगतों में अन्मल का क्रमशः विनाश और मेल का प्रकाश और इस मेल की अवस्था में उन के परस्पर परम शान्ति और एक दूसरे के भावी विकास में सहायकारी बनने का दृश्य जितना विचित्र, जितना विलक्षण, जितना सुन्दर और जितना महान है उस से बढ़ कर कोई मनुष्य किसी और दृश्य की कल्पना तक नहीं कर सकता।

प्रश्न। इस में कोई सन्देह नहीं।

उत्तर। जी हाँ। इसलिए जो मनुष्य इस दृश्य के देखने के और इस से भी बढ़ कर उस के प्रति जहां तक सम्भव हो, आकृष्ट वा अनुरागी होने, और अपने अनुराग के अनुसार उस के लिए अपना (वास्तव में नेचर का) सब कुछ अर्पण करने और ऐसे समर्पण से अपनी निर्म्माणकारी शक्ति की रक्षा और उन्नति करने के योग्य हो, वहां तक वह अवश्य सौभाग्यवान है और वहां तक वह अवश्य अपने मनुष्यत्व को सुफल करता है। इस के विरुद्ध यदि कोई जन अपनी पतनकारी शक्तियों के सम्बन्ध में अज्ञानी और अबोध हो, अथवा उन से सत्य मोक्ष का अभिलाषी न हो, और नेचर से ही प्राप्त अपनी शारीरिक और आत्मिक शक्तियों और धनादि विषयक नेचर के ही विविध पदार्थों को उस के निर्म्माणकारी कार्य्य के लिए अर्पण कर के उस के विविध जगतों के नाना अस्तित्वों के लिए हितकर वा सेवाकारी बनना न चाहता हो, और नेचर

जो इस सच्ची विधि के द्वारा अपने आत्मा की निर्म्माण शक्ति को विकसित करने की आकांक्षा न रखता हो, तो उस से बढ़ कर अन्धा, अभागा मूर्ख और कृपापात्र कोई और नहीं हो सकता।

मालवा स्टीम प्रैस मोगा मे श्री स्वर्ण लाल 'जोशी" मैनेजर वा
प्रिंटर द्वारा छपी और श्रीमान् ईश्वर सिंह जी कर्म्मचारी दल
समाज मोगा द्वारा प्रकाशित हुई।